


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-338 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सिर्फ आमदनी के आधार पर तय नहीं कर सकते क्रीमी लेयर: सुको

**नई दिल्ली, 12 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी उम्मीदवार के क्रीमी लेयर में होने या न होने का निर्धारण केवल उसकी पारिवारिक आय के आधार पर नहीं किया जा सकता है। पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, "पदों की श्रेणियों और स्टेटस मापदंडों का संदर्भ लिए बिना, केवल आय के आधार पर क्रीमी लेयर का दर्जा तय करना कानून की दृष्टि से टिकाऊ नहीं है।" अदालत का मानना है कि आय के साथ-साथ व्यक्ति के सामाजिक और व्यावसायिक पद को भी ध्यान में रखा जाना अनिवार्य है।

क्रीमी लेयर शब्द का प्रयोग ओबीसी समुदाय के उन लोगों के लिए किया जाता है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से काफी समृद्ध हो चुके हैं। आरक्षण का लाभ इस वर्ग को न मिलकर समुदाय के उन गरीब और पिछड़े लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी वास्तव में आवश्यकता है। इस अवधारणा की शुरुआत 1992 के प्रसिद्ध इंद्रा सहनी बनाम भारत सरकार मामले के बाद हुई थी।



तब सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को तो बरकरार रखा था, लेकिन संपन्न तबके को इससे बाहर रखने का आदेश दिया था। इसके बाद 1993 में सरकार ने इसे लागू करने के नियम बनाए थे। वर्तमान नियमों के अनुसार, यदि किसी ओबीसी परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है तो उसे क्रीमी लेयर में माना जाता है। ऐसे उम्मीदवार सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के हकदार नहीं होते। आय की यह सीमा आखिरी बार 2017 में 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई थी। आय के अलावा उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सशस्त्र बलों के उच्च अधिकारियों और बड़े व्यवसायियों के बच्चों को भी क्रीमी लेयर की श्रेणी में रखा जाता है। सुप्रीम कोर्ट के इस नए फैसले से सरकार पर क्रीमी लेयर की पहचान करने वाले 1993 के नियमों की समीक्षा करने का दबाव बढ़ सकता है। अदालत ने संकेत दिया है कि केवल पैसे को पैमाना मान लेना सामाजिक न्याय के व्यापक उद्देश्यों के खिलाफ हो सकता है। उदाहरण के लिए एक कम वेतन पाने वाला व्यक्ति भी अगर ऊंचे प्रशासनिक पद पर है तो उसकी सामाजिक स्थिति एक अमीर व्यापारी से भिन्न हो सकती है।

## गैस किल्लत पर गरमाई विधानसभा

### विपक्ष के हंगामे के बीच स्थगित हुई सदन की कार्यवाही

**रायपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान महँगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया. आसंदी ने स्थिति को देखते हुए सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी.सदन में गुरुवार को शून्यकाल में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने युद्ध के कारण गैस की कमी नहीं होने का आश्वासन दिया था, लेकिन गैस की क़िल्लत शुरू हो गई है. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह मुद्दा राज्य का नहीं है, इसकी चर्चा यहाँ नहीं होनी चाहिए. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुद्दा भले ही केंद्र का है, लेकिन व्यवस्था तो राज्य सरकार को देनी होगी. राज्य की जनता सफर कर रही है. इसके साथ ही सदन में विपक्ष ने मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा किया. हो-हंगामे के बीच आसंदी ने सदन की कार्यवाही पाँच मिनट के लिए स्थगित की.पांच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित होने के बाद दोबारा विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा अजय चंद्राकर के घर खाना बन रहा हैं, ये केंद्र का विषय है. कालाबाजरी हो रही है. लोग सड़कों पर लोग लाइन में गैस के लिए सड़क में खड़े हैं.

भूपेश बघेल ने कहा व्यवसायिक गैस तो बंद कर दिया गया है, शादी का सीजन है, आज की स्थिति में बैगर गैस खाना नहीं बन सकता है. हम सभी को गैस सिलेंडर की ज़रूरत है सभी लोग चिंतित हैं. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव है. लेकिन हमें अपने राज्य की समस्या पर चर्चा करना चाहिए.

### अस्पतालों से समाप्त की जाएगी कर्मचारियों की संलग्नता: स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर, 12 मार्च।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में जिला जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संलग्न को समाप्त किए जाने की घोषणा की. इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बात की घोषणा विधायक प्रबोध मिंज के सवाल पर की. विधायक ने मंत्री से सरगुजा जिले अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पद एवं उनके विरुद्ध वर्तमान में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी, विधानसभावार उपलब्ध कराने के साथ, कौन-कौन से कर्मचारी कब से एवं कहां अन्यत्र संलग्न किए गए हैं?, रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर कर्मचारी पदस्थ किए जावेंगे?, सरगुजा जिले में भवनविहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी विधानसभावार उपलब्ध करावें एवं कब तक क्षेत्रों में भवन उपलब्ध करावेंगे?

## गैस संकट पर पीएम मोदी का सख्त मैसेज

### मंत्रियों को किया आगाह, बोले- अफवाह फैलाने वालों पर रखें नजर



**नई दिल्ली, 12 मार्च।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष (ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध) और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने के कारण देश में जारी गैस संकट पर पीएम मोदी ने सख्त मैसेज दिया है। पीएम मोदी ने मंत्रियों से ईरान संकट को देखते पर देश के अंदर के हालात पर लगातार नजर रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग मौजूदा स्थिति में अफवाह फैलाकर घबराहट की स्थिति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संभावित संकट को लेकर भारत की तैयारियां बहुत मजबूत हैं। बता दें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। यहां से वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस का 20% हिस्सा गुजरता है। इसी रास्ते से भारत का 90% तेल और प्राकृतिक गैस खाड़ी देशों से आता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने के कारण भारत में एलपीजी सिलेंडर क्राइसिस देखने को मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने गुरुवार को अपने मंत्रियों से ईरान संकट को देखते पर देश के अंदर के हालात पर लगातार नजर रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग मौजूदा स्थिति को घबराहट की स्थिति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। साथ ही मंत्रियों को सोशल मीडिया पर एक्टिव होना होगा और विपक्ष के प्रचार का आक्रामक तरीके से जवाब देना चाहिए।

मंत्रियों में आत्मविश्वास बनाए रखने की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मंत्रियों को ऐसे किसी भी प्रचार का जवाब देते समय आत्मविश्वास बनाए रखना होगा। यह ऐसी स्थिति है जो सिर्फ एक देश नहीं बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करती है।उन्होंने कहा कि भारत की तैयारियां बहुत मजबूत हैं। हमारे पड़ोसी देशों और कई अन्य देशों की तुलना में भारत की तैयारी मजबूत और बेहतर है।

इधर ईरान की ओहोर्मुजर से जलडमरूमध्य के जरिए अंतरराष्ट्रीय नौवहन को बंद करने या बाधित करने की कोशिश के बीच भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। इस समुद्री मार्ग से जहाजों के आवागमन को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की। बातचीत के बाद, ईरान भारत के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता खोलने को राजी हो गया है। ईरान अब भारत के झंडे वाले टैंकरों को गुजरने देगा।

## कोटवार के पद पर खानदानी हक नहीं: हाईकोर्ट

**बिलासपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोटवारों की नियुक्ति को लेकर कहा है कि यह पद कोई वंशानुगत या खानदानी नहीं है, जिस पर केवल पूर्व कोटवार का बेटा ही हक जता सके. जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच निकट संबंधी होने के नाते मिलने वाली प्राथमिकता केवल तभी लागू होती है जब अन्य सभी योग्यताएं समान हों. बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के ग्राम गनियारी में पदस्थ कोटवार खेलनदास पनिका का 6 नवंबर 2010 को निधन हो गया था. मृत्यु के बाद रिक्त पद के लिए उनके बेटे परदेशी राम और एक अन्य ग्रामीण रामबिहारी साहू ने आवेदन किया था. प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद राजस्व अधिकारियों ने रामबिहारी साहू को इस पद के लिए अधिक उपयुक्त पाया और उनकी नियुक्ति कर दी.

इस फैसले को परदेशी राम ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. इसमें निकट संबंधी होने का हवाला देते हुए पिता की जगह अपनी नियुक्ति करने की मांग की थी. हाई कोर्ट ने इस मामले में दिए गए फैसले में कहा कि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार परदेशी राम के खिलाफ वर्ष 1996 और 2013 में शांति भंग करने के आरोप में सीआरपीसी की धारा 107/116 के मामले दर्ज थे. कोटवार नियम 2 के तहत उम्मीदवार का चरित्र साफ होना अनिवार्य है. वहीं, याचिका के समय परदेशी राम की उम्र 54 वर्ष थी, जबकि कोटवार की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है. वहीं, नियुक्त किए गए रामबिहारी साहू की उम्र 34 वर्ष थी. इस वजह से उसे लंबी सेवा के लिए अधिक उपयुक्त माना गया. इसके अलावा परदेशी राम केवल तीसरी कक्षा तक पढ़ा है, जबकि चयनित उम्मीदवार रामबिहारी साहू पांचवीं पास हैं. हाई कोर्ट ने माना कि बेहतर शिक्षा कर्तव्यों के निर्वहन में सहायक होती है.

हाईकोर्ट ने कहा कि कोटवार का पद छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत एक सांविधिक पद है. यह कोई निजी संपत्ति नहीं है जिसे वारिस को सौंप दिया जाए. सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न मामलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट का काम यह देखना है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया सही थी या नहीं. राजस्व मंडल और कमिश्नर के आदेश को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी गई है.

## बिना बताए घर छोड़कर दूसरे पुरुष के साथ रहना परित्याग

### पत्नी को नहीं मिलेगा गुजारा भत्ता

**बिलासपुर, 12 मार्च।** हाईकोर्ट ने भरण-पोषण से जुड़े एक मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि यदि पत्नी बिना किसी ठोस कारण के अपने बच्चों और पति को छोड़कर जाती है, और किसी अन्य पुरुष के साथ समय बिताती है, तो वह सीआरपीसी की धारा 125(4) के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है.भिलाई निवासी महिला ने अपने पति के खिलाफ भरण-पोषण के लिए आवेदन लगाया था. पत्नी का आरोप था कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी, और पति की सहमति से ही कोचिंग के सिलसिले में दिल्ली गई थी. उसने दावा किया कि पति का व्यवसाय अच्छा है, और हर माह 3 लाख रुपए आय है, इसलिए उसे 1 लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता दिया जाए. पति ने कोर्ट में पत्नी के दावों को खारिज करते हुए बताया कि 11 नवंबर 2022 को पत्नी बिना बताए घर से गहने, दस्तावेज और अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर चली गई थी. पति ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी. बाद में पता चला कि वह एक व्यक्ति और अपनी बहन के साथ फ्लाइट से दिल्ली गई थी, और वहां करीब 10-11 दिन रुकी थी. दुर्ग के फैमिली कोर्ट ने सबूतों के आधार पर पत्नी की अर्जी खारिज कर दी थी, इस पर महिला ने हाई कोर्ट में मामला प्रस्तुत किया था. इस मामले में दिए गए फैसले में हाई कोर्ट ने कहा कि पत्नी ने बिना किसी पर्याप्त कारण के पति के घर और बच्चों को छोड़ा. इसके अलावा किसी अन्य पुरुष के साथ 10-11 दिन तक बाहर रहना और परिवार को सूचना न देना स्वैच्छिक परित्याग की श्रेणी में आता है. ऐसी स्थिति में सीआरपीसी की धारा 125(4) के तहत पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं रह जाती. इस आधार पर हाई कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज कर दी है.

## बिना मान्यता के स्कूल चलाना कोर्ट की अवमानना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिना मान्यता के स्कूल संचालन और एडमिशन के विज्ञापन पर कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कृष्णा पब्लिक स्कूल को मामले में पार्टी बनाते हुए नोटिस जारी किया है और स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को व्यक्तिगत शपथपत्र (पर्सनल एफिडेविट) दाखिल करने का आदेश दिया है। मामला WPPIL No. 22/2016 से जुड़ा है, जिसमें इंटरवीनर विकास तिवारी द्वारा उठाई गई शिकायतों पर अदालत ने तत्काल संज्ञान लिया और सख्त निर्देश जारी किए।

**शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट नाराज**-विकास तिवारी ने अदालत को बताया कि डायरेक्टर डीपीआई छत्तीसगढ़ ने 5 फरवरी 2026 को उनकी शिकायतों को दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजते हुए एक सप्ताह में कार्रवाई का आदेश दिया था। लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इस पर कोर्ट ने डिप्टी डायरेक्टर, पब्लिक इंस्ट्रक्शंस को निर्देश दिया कि संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी अपने आदेश का तत्काल पालन करें और अगली सुनवाई तक कार्रवाई की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें।

## पार्किंग विवाद पर पुलिस अधिकारी के बेटे की पिटाई

**बिलासपुर, 12 मार्च।** प्रदेश के डीजी रैंक के अफसर के बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। डीजी रैंक के अफसर के बेटे अधिवक्ता हैं। वे अपने एक क्लाइंट से मिलने के लिए कॉफी हाउस गए थे। इसी दौरान कॉफी हाउस की पार्किंग में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक स्कॉर्पियो चालक ने अफसर के बेटे के साथ मारपीट कर दी।

शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, भिलाई में रहने वाले तेजस्व देव बिलासपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता हैं। वे बिलासपुर में रहकर हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। उनके पिता पुलिस विभाग में डीजी रैंक के अफसर हैं। अधिवक्ता तेजस्व देव अपने दोस्त खिलेंद्र टंडन के साथ सरकंडा के अशोक नगर चौक स्थित इंडियन कॉफी हाउस में एक क्लाइंट से मिलने गए थे। इसी दौरान जब वे पार्किंग में अपनी कार पार्क कर रहे थे, तभी स्कॉर्पियो सवार एक युवक से पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर स्कॉर्पियो से उतरे युवक ने अपना नाम सागर जायसवाल बताते हुए अधिवक्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें थप्पड़ मार दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद शांत कराया। घटना के बाद अधिवक्ता सरकंडा थाने की ओर जा रहे थे, तभी स्कॉर्पियो सवार युवक ने उनका पीछा भी किया। जब अधिवक्ता ने अपनी कार थाने की ओर मोड़ दी तो आरोपी वाहन लेकर मोपका की ओर भाग गया। अधिवक्ता ने पूरे मामले की शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

**पूर्व गृह मंत्री के बेटे ने शराब के नशे में पुलिस आरक्षक से की थी अभद्रता**-कोरबा,12 मार्च। पूर्व गृह मंत्री ननकी कंवर के बेटे संदीप कंवर के खिलाफ कोरबा में एक और मामला दर्ज हुआ है। यह मामला तब दर्ज किया गया जब कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक ने लिखित शिकायत दी। जानकारी के अनुसार, दुकान में कार घुसाने की सूचना मिलने पर जब आरक्षक मौके पर पहुंचे, तो संदीप कंवर ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से पार होंगे भारतीय जहाज

**नई दिल्ली, 12 मार्च।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष (ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध) के बीच भारत को बड़ी राहत मिली है. सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से हुई टेलीफोनिक बातचीत के बाद ईरान ने भारतीय टैंकरों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दी गई है. ये भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस का बड़ा हिस्सा गुजरता है. सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री ने ईरान के अराघची से बात के बाद ईरान ने भारतीय तेल टैंकरों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी है. दोनों देशों के विदेश मंत्री की बातचीत का उद्देश्य इस अहम समुद्री मार्ग को खुला रखना था, जिससे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो. सूत्रों ने ये भी बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने केवल ईरान ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अन्य प्रमुख शक्तियों के साथ भी तालमेल बिठाया. उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव और फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बारो से भी इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा की. इन चर्चाओं का उद्देश्य समुद्री व्यापारिक मार्गों को खुला रखना और वैश्विक सप्लाई चेन को टूटने से बचाना था.भारत की इस सक्रिय विदेश नीति ने ये साबित कर दिया है कि तनाव के वक्त में भी वह अपने हितों की रक्षा के लिए सभी पक्षों के साथ संवाद स्थापित करने में सक्षम है. ईरान ने यह विशेष रियायत भारत को ऐसे वक्त में दी है जब अमेरिका, यूरोप और इजरायल से जुड़े जहाजों को इस मार्ग पर कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है.



## नदी में मिले दो हाथियों के शव

**रायगढ़, 12 मार्च।** जिले में दो हाथियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। दोनों हाथियों के शव कुरकुट नदी में तैरते हुए पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही



वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला घरघोड़ा रेंज का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में इन दिनों करीब 19 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने कक्ष क्रमांक 1273 के पास कुरकुट नदी में दो हाथियों को मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन अमले को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी, घरघोड़ा के प्रभारी रेंजर और अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हाथियों के शव को नदी से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की। वन विभाग के अनुसार हाथियों के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके लिए डॉक्टरों की टीम भी मौके पर मौजूद है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नदी में नहाने या उसे पार करने के दौरान डूबने से हाथियों की मौत हुई होगी। हालांकि वन विभाग के अधिकारी फिलहाल किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर विक्रांत कुमार ने बताया कि नदी में दो हाथियों के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची है और शव को बाहर निकाल लिया गया है। जांच के लिए डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई है, लेकिन अभी तक मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। गौरतलब है कि करीब एक वर्ष पहले भी रायगढ़ जिले के तमनार रेंज के बकचबा बीट स्थित चुहकीमार क्षेत्र में एक साथ तीन हाथियों के शव मिले थे। उस मामले में 11 केवी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से हाथियों की मौत की पुष्टि हुई थी। घटना के बाद जांच करते हुए संबंधित सर्किल प्रभारी और बीट गार्ड को निलंबित कर दिया गया था। फिलहाल वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## महामाया एजेंसी पर छापा, 75 से ज्यादा सिलेंडर जब्त

**बिलासपुर, 12 मार्च।** न्यायधानी में गैस सिलेंडरों की किल्लत और बढ़ती किल्लत के बीच खाद्य विभाग की टीम ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया है। विभाग को सूचना मिली थी कि श्री महामाया एजेंसी द्वारा अवैध रूप से सिलेंडरों का भंडारण कर उन्हें ऊंचे दामों पर खपाने की योजना बनाई जा रही है, जिसके बाद टीम ने तत्काल घेराबंदी कर छापेमारी की। जांच के दौरान विभाग ने पाया कि रिहायशी इलाकों के हॉस्टल और व्यावसायिक दुकानों में नियमों को ताक पर रखकर बड़ी संख्या में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर छिपाकर रखे गए थे। इस दबिश में टीम ने 75 से भी अधिक गैस सिलेंडर बरामद कर उन्हें जब्त कर लिया है। इस बड़ी कार्रवाई में टीम ने 70 खाली घरेलू सिलेंडर और 2 भरे हुए घरेलू सिलेंडर (कुल 72 घरेलू नग) के साथ-साथ 3 नग खाली वाणिज्यिक (कमर्शियल) सिलेंडर जब्त किए हैं। गैस क्राइसिस के इस दौर में जहां आम जनता को सिलेंडर के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, वहीं अवैध रूप से किए गए इस भंडारण ने विभाग की सतर्कता पर मुहर लगा दी है। फिलहाल, खाद्य विभाग ने एजेंसी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, 12 मार्च।** महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल से आया है। महाराष्ट्र बजट सत्र के बीच धमकी मिलने के बाद विधान भवन को जल्दी खाली कराया गया। इसके बाद पूरे परिसर की तलाशी ली जा रही है। मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीमें गुरुवार को विधान भवन परिसर में बम की धमकी मिलने के बाद गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। ईमेल भेजने वाले का अब तक कोई पता नहीं चला है। आरोपी अज्ञात है। बता दें, इसके पहले मुंबई के कोर्ट और कई इलाकों मे बम होने की धमकी मिली थी। दरअसल विधानसभा में बजट सत्र की महत्वपूर्ण कार्यवाही चल रही है। इस दौरान विधायकों को धमकी भरे ईमेल की जानकारी मिली। इसके तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत 'फ्लैश' अलर्ट जारी किया गया। बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड की टीमें चप्पे-चप्पे की तलाशी ले रही हैं, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विधान भवन परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है। ईमेल के जरिए दी गई इस धमकी की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी सेल भी सक्रिय है। फिलहाल पूरी इमारत को सैनिटाइज किया जा रहा है और सुरक्षा टीमें यह सुनिश्चित कर रही हैं कि परिसर सुरक्षित है। इस समय महाराष्ट्र विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है, जिसके चलते परिसर में कई विधायक, मंत्री और वीआईपी अधिकारी मौजूद हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है और पुलिस परिसर में चप्पे-चप्पे की जांच कर रही है। पुलिस बल की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। विधान भवन में सभी एंट्री और एग्जिट गेट बंद कर दिए गए हैं। किसी को भी अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। न तो आम जनता और न ही मीडियाकर्मी अंदर आ सकते हैं। जब तक सर्च ऑपरेशन पूरा नहीं हो जाता, परिसर में सिक्योरिटी टाइट रहेगी।

# शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से करें पालनःकलेक्टर

### एजेंसी संचालक रसोई गैस की रखें निर्बाध आपूर्ति

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 मार्च** । रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट में जिले के गैस एजेंसी संचालकों और होटल संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ इंडियन ऑयल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गैस एजेंसी संचालकों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका पालन अनिवार्य रूप से किया जाना है। उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी। कमर्शियल गैस की आपूर्ति केवल अस्पतालों, स्कूल, आश्रम और आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जाना है। होटल-रेस्टोरेंट में कमर्शियल गैस की आपूर्ति को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने सभी एजेंसी संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन सभी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने खाद्य अधिकारियों से रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति, नियमित स्टॉक मॉनिटरिंग और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में गैस व पेट्रोल-डीजल पर्याप्त घबराने की जरूरत नहीं:कलेक्टर



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मार्च।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों और गैस एजेंसियों की बैठक लेकर समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि जिले में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में उज्ज्वला योजना सहित लगभग 4 लाख गैस कनेक्शन हैं और प्रतिदिन करीब 9750 सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। उन्होंने आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### कवर्धा में सुबह से ही कई गैस उपभोक्ता परेशान

**कवर्धा,12 मार्च (तछसं.)।** सुबह 8 बजे से कवर्धा में लाइन लगाकर गैस सिलिंडर भरवाने के लिए पर्ची कटवाने पहुंचे लेकिन कई महिलाएं ओर लोग गैस कंपनी नंबर को मिस काल करते करते थक गए लेकिन मैसेज नहीं आने के कारण ग्राहक वापस घर लौटे। कई लोगों के चेहरे पर खुशी दिखी क्योंकि एक दिन पहले गैस कंपनी को फोन करने पर एस एम एस आया था उन्हें मिल गया । शिव कुमार चंद्रवंशी के सुपुत्र चंद्रशेखर चंद्रवंशी में कहा की मेरे पापा ने कितने बार कंपनी को मिस काल किया है लेकिन मैसेज क्यों नहीं आ रहा है समझ से परे है जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए । योगिता चंद्रवंशी ने कहा की कैसे खाना बनेगा बच्चों के लिए नाश्ता कैसे बनेगा बार बार गैस कंपनी को काल कर रहे है लेकिन मैसेज नहीं आ रहा है । चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की सरकार ओर जिला प्रशासन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिएं की अच्छे से गैस सिलिंडर मिल जाये ।

### प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बने जसविंदर बग्गा, बधाइयों का लगा रहा तांता



**कवर्धा, 12 मार्च (तछसं.)।** जिला बीजेपी पूर्व उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा के प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बनने पर कबीरधाम जिले में खुशी की लहर फैल गई । प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहू , जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, सांसद संतोष पांडेय , पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने फोन एवं उनके निवास पर पहुंचकर जसविंदर बग्गा को प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## एक नजर

### महिला कर्मियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**भिलाई, 12 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ऋतु खंडेलवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर श्रीमती खंडेलवाल ने महिलाओं की परिवार, समाज और कार्यस्थल में सामंजस्य स्थापित करते हुए हर भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की सराहना की। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्रीमती अनसुइया ठाकुर, प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चंद्राकर, सुश्री रश्मि शर्मा, श्रीमती रमणी राजेंद्रन, सहायक अभियंता श्रीमती वंदना ढवले, सुश्री सफीना निगार, श्रीमती लिसी बी जॉर्ज, श्रीमती कुसुम साहू, श्रीमती रुचि वर्मा, श्रीमती माया रामटेके, श्रीमती पार्वती नेताम, श्रीमती सीमा एवं कुमारी रामेश्वरी सहित अन्य महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

### बीएसपी में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**भिलाई, 12 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 10 से 16 मार्च तक आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी और मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा ने सुरक्षा ध्वज फहराकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर छह प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें मटेरियल हैंडलिंग, ऊंचाई पर कार्य, गैस सिलेंडर सुरक्षा, सीमित स्थान सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और विद्युत सुरक्षा जैसे विषयों को प्रदर्शित किया गया। उद्घाटन अवसर पर महिला संविदा कर्मियों के बीच सुरक्षा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें दीपिका ने प्रथम, मीरा देवांगन ने द्वितीय और सत्तो बाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ग्राम घुघवा में आयोजित यज्ञ की रोज बड़ी संख्यां में परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त कर रहे



**उतई,12 मार्च (तछसं.)।** क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर (घुघुवा क) में श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से नव दिवसीय श्री मन्मानस महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा दिनांक 7 से 16 मार्च 2026 तक पूर्व वर्षों की भांति निरंतर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिवस के कार्यक्रम में यज्ञाचार्य बिरेंद्र शर्मा निवासी नेवनारा बेरला वाले द्वारा प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक यज्ञ में आहुतियां दीलाई जा रही है, भक्तगणों द्वारा पुण्य प्राप्ति हेतु यज्ञ स्थल पर फेरा लगाया जा रहा है। तत्पश्चात प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से संध्या 6.30 बजे तक मात्र 17 वर्षीय कथा वाचक आचार्य रोहण कृष्ण शर्मा जी, ग्राम-सर्वा, जिला-बलौदा बाजार (छ.ग.) द्वारा देवी भागवत पुराण कथा किया जा रहा है, बुधवार को देवी भागवत कथावाचक आचार्य रोहन कृष्ण महराज जी ने कहा देवी भागवत में कहा गया है कि नवरात्रि में नौ दिनों का उपवास न रख पाने वाले को सप्तमी अष्टमी और नवमी के दिन उपवास रखना चाहिए जिससे पूर्ण नवरात्रि उपवास की फल प्राप्ति हो सकती है, नवरात्रि में 2 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्या का ही पूजन कर कन्या भोज कराया जाना चाहिए, कथा में नाम संकीर्तन का महत्व भी बताया गया जब भी मन में अशुद्धि आ जाए तब सीताराम, राम राम, नारायण नाम का जप करना चाहिए अन्यथा मन की विशुद्धि कर्म में परिवर्तन हो जाता है, कथा में महाराज श्री द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध देवी जस गीत भजन आरती संगीतमय मनमोहक रूप से प्रस्तुत की जाती हैं।

12 मार्च को रात्रि 08 बजे से भजन आर्केस्ट्रा छॉलीवुड स्टार जय शीतला मईया फेम लिलेश्वर सिन्हा की विशेष आकर्षक प्रस्तुति होगी।महायज्ञ एवं देवी भागवत में बड़ी संख्या में लोगों की रोजना उपस्थिति हो रही है।आयोजक श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति द्वारा सर्वसामान्य से करबद्ध अपील किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन पुनीत नारायण धाम क्षेत्र में धार्मिक आयोजन में यथासंभव यथाशक्ति तन, मन, धन से सहयोग प्रदान कर पुण्य प्राप्ति करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## अल्माटी में सीसीटीडब्ल्यूए टीम ने लहराया तिरंगा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की टीम कजाकिस्तान के अल्माटी शहर की यात्रा पर पहुँची। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और खाड़ी देशों में चल रही उथल-पुथल के माहौल के बावजूद टीम ने साहस और उत्साह के साथ यह यात्रा पूरी की। अल्माटी की खूबसूरत पहाड़ी पर सदस्यों ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और छत्तीसगढ़ महतारी के जय घोष के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। यात्रा के दौरान सदस्यों ने छोटे विमान की पायलटिंग का अनुभव भी लिया। साथ ही अल्माटी शहर और उसके आसपास की प्राकृतिक वादियों, बर्फबारी और पहाड़ों की अनुपम सुंदरता का आनंद लिया। इस यात्रा में इंद्रजीत सिंह (छोटू), मलकीत सिंह, अरुण तुलस्यान, मनोज गुप्ता, सुशील अग्रवाल, बाबा सुखमोहन सिंह, सुब्रत डे, सत्य नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पुरुषोत्तम भिते, मनदीप सिंह झाज, शिव शंकर पाढ़ी, अनिल कुमार चौधरी, बलजिंदर सिंह और जतिंदर सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। संघ के अध्यक्ष अंजय शुक्ला स्वास्थ्य कारणों से यात्रा में शामिल नहीं हो सके। यात्रा के दौरान सदस्यों ने परिवहन व्यवसाय की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की तथा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

### महतारी वंदन योजना से मिली अश्विनी को आत्मनिर्भरता की राह

**दुर्ग, 12 मार्च** । छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता से वे अपने परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए बचत भी कर पा रही हैं। यह योजना न केवल महिलाओं के हाथों में आर्थिक ताकत दे रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान कर रही है। योजना से लाभान्वित दुर्ग जिले के बघेरा की हितग्राही अश्विनी दीदी भी आज अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस कर रही हैं।

## समाचार संक्षेप

### भारत माला सड़क निर्माण को लेकर किसानों का धरना, काम रोको आंदोलन



**भिलाई, 12 मार्च (तछसं.)।** अंजोरा चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम थनौद में भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को लेकर किसानों ने बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने शिव मंदिर के पास धरना देकर रैली निकालते हुए निर्माण स्थल पर पहुंचकर नारेबाजी की और काम बंद कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि 17 जुलाई 2025 को उन्होंने पुल की ऊंचाई बढ़ाने और शिवनाथ नदी से आने वाले नाले में पानी निकासी के लिए घोड़ा नाला निर्माण की मांग प्रशासन के सामने रखी थी, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। नायब तहसीलदार वासु मित्र दीवान ने किसानों को बताया कि पुल की ऊंचाई बढ़ाने और नाला निर्माण के लिए सर्वे कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### निगम की जमीन से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**भिलाई, 12 मार्च (तछसं.)।** नगर निगम द्वारा आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। आयुक्त के प्रातः निरीक्षण के दौरान निगम की जमीन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से क्रिकेट कोर्ट बनाकर कब्जा करने का मामला सामने आया था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जोन-3 आयुक्त, राजस्व विभाग और बेदखली टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया और निगम की जमीन को मुक्त कराया। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निगम भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ब्लास्ट फर्नेस और बीआरएम ने बनाया उत्पादन कीर्तिमान



**भिलाई, 12 मार्च (तछसं.)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने परिचालन दक्षता की दिशा में एक साथ दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की हैं। ब्लास्ट फर्नेस-8 (महमाया) ने 20 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का मील का पत्थर हासिल किया, वहीं बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) ने 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया है। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 10 मार्च 2026 को 20 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया। 2 फरवरी 2018 को शुरू हुए इस फर्नेस ने मात्र 2,959 दिनों में यह उपलब्धि प्राप्त कर अपनी क्षमता वर्ग में सबसे तेज़ी से 20 मिलियन टन उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया। खास बात यह है कि 19 मिलियन टन से 20 मिलियन टन तक की यात्रा केवल 123 दिनों में पूरी की गई। वहीं बार एंड रॉड मिल ने 8 मार्च को 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में 3,405 टन उत्पादन कर नया डे रिकॉर्ड बनाया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार और संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने दोनों इकाइयों की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### सिंटर प्लांट से कोक ओवन के बीच बनी नई कांक्रीट सड़क का उद्घाटन



**भिलाई, 12 मार्च (तछसं.)।**सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सिंटर प्लांट-2 से कोक ओवन के बीच नवनिर्मित कांक्रीट सड़क का उद्घाटन 10 मार्च को कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। लगभग तीन माह में तैयार हुई यह सड़क संयंत्र परिसर में वाहनों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करेगी। पहले यह मार्ग संकरा और गड्ढों से भरा होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती थी। नई चौड़ी और समतल सड़क बनने से भारी वाहनों की आवाजाही सुगम होगी तथा दोपहिया और साइकिल चालकों की सुरक्षा भी बढ़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से संयंत्र के भीतर यातायात प्रबंधन और कार्यक्षमता में सुधार होगा।

## छंदमुक्त कविता से पाठकों का दायरा घटा: नरेन्द्र निर्मल



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मार्च।** राजस्थान के कवि, कथाकार एवं आलोचक डॉ. नरेन्द्र निर्मल ने कहा है कि जब से कविता छंद से मुक्त हुई है, तब से वह धीरे-धीरे पाठकों से भी दूर होती चली गई। नई कविता ने पाठकों का दायरा सीमित कर दिया है, जिसके कारण आज बहुत कम लोग कविता पढ़ते हैं। तरुण छत्तीसगढ़ से अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने कहा कि पहले मंचीय कवियों की अलग पहचान होती थी।

हरिवंश राय बच्चन और भवानी प्रसाद मिश्र जैसे कवि मंचों की शोभा बढ़ाते थे, लेकिन अब वह स्थिति नहीं रही। हालांकि कहानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और उसके पाठक भी बढ़े हैं। लोग आज भी किताबें खरीदकर कहानियाँ पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी की लेखिका को बुकर पुरस्कार मिलना और भारतीय कथाकारों को इंदु कथा सम्मान प्राप्त होना हिंदी साहित्य की प्रगति का संकेत है। पहले हिंदी लेखक जनता की आवाज को छूते थे, इसलिए उनकी पुस्तकों की अधिक प्रतियां बिकती थीं। समय के साथ लेखकों की प्रस्तुति शैली में कमी आई है। उन्होंने व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वे अपने व्यंग्य धाराप्रवाह मौखिक रूप से सुनाया करते थे और उनका अंदाज निराला होता था।डॉ. निर्मल ने कहा कि आज कविता के क्षेत्र में कार्यशालाओं का अभाव खलता है और भाषा-शैली पर पकड़ भी कमजोर हो रही है। उन्होंने बताया कि वे नाट्य लेखन में भी सक्रिय हैं और उनके लिखे नाटक बनारस में मंचित होकर सराहे जा चुके हैं। वे गोष्ठियों में किताबें बांटकर लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने संबोधन का सहयात्री ¬कमर मेवाड़ी पुस्तक का संपादन भी किया है। साहित्यिक आंदोलनों और वाद-विवाद से वे स्वयं को दूर रखते हैं और मानते हैं कि इससे साहित्य का विशेष लाभ नहीं होता। इन दिनों वे भाषा और विवेक के संबंध पर पुस्तक लिख रहे हैं। राजस्थान के सिरोही (मोहब्बत नगर) में जन्मे डॉ. निर्मल का साहित्य 1974 से निरंतर प्रकाशित हो रहा है। उनकी कविता पुस्तक अपने समय से आगे राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित हुई, जिस पर उन्हें आचार्य निरंजन नाथ सम्मान मिला। उनके प्रमुख काव्य संग्रह, जो दिखते नहीं हैं और समय और विचार तथा कथा संग्रह जन्दिगी की महक और अन्य कहानियाँ भी चर्चित रहे हैं। उनकी आगामी पुस्तकों में भाषा का विवेक और विवेक की भाषा तथा हिंदी आलोचना में इतिहास दृष्टि शामिल हैं।

## आयुक्त ने बैकुंठधाम क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मार्च।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवीन डामर सड़कों, बैकुंठधाम मैदान, जयंती उद्यान और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बैकुंठ धाम क्षेत्र में निगम की जमीन पर एक क्रिकेट कोच द्वारा अवैध रूप से क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया। इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जयंती उद्यान के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाथवे, झरने और फव्वारे के संधारण के निर्देश दिए। साथ ही बाउंड्रीवाल तोड़कर अनधिकृत प्रवेश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा। शासकीय स्कूल के पास स्थित कचरा डंपिंग स्थल का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने पाया कि वहां कचरा जमा होने से स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि वार्ड का कचरा वहां जमा न हो और प्रतिदिन कचरे का उठाव सुनिश्चित किया जाए। जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ उन्होंने क्षेत्र में बनी नई डामर सड़कों की गुणवत्ता भी परखी। साथ ही निगम की संपत्तियों का निजी कार्यक्रमों में बिना अनुमति उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित टेंट संचालकों और आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे और पार्षद प्रतिनिधि भोला साहू उपस्थित रहे।

### दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सात दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन 13 से 19 मार्च तक

**दुर्ग, 12 मार्च** । छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में स्वदेशी मेले का आयोजन 13 मार्च से 19 मार्च 2026 के मध्य किया जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र (सीबीएमडी), जो कि स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की एक इकाई है, के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाना है। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में, राज्य के सभी प्रमुख विभागों को इस मेले में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## नशे के कारोबार को संरक्षण देने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 मार्च।** भिलाई कांग्रेस ने आज राज्य सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला ताम्रध्वज साहू ने हाल ही में उजागर अफीम की खेती मामले में पुलिस के साथ राजस्व विभाग को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती के बारे में समय पर जानकारी नहीं मिलने से राजस्व विभाग के गिरदावरी प्रक्रिया के गंभीरता की पोल खुल गई है शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में आज सुपेला के प्रियदर्शिनी परिसर स्थित भिलाई जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया इस दौरान भारी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नशे के कारोबार को सरकार और भाजपा संगठन से संरक्षण मिलने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की वहीं घरेलू गैस सिलेंडर के दाम और वेटिंग पीरियड बढ़ाए जाने का भी विरोध जताया गया इस संबंध में कलेक्टर दुर्ग के नाम सक्षम अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है भाजपा कार्यालय घेराव में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला व ब्लॉक स्तर के सभी प्रकोष्ठ से पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से पूरे छत्तीसगढ़ में नशे का अवैध कारोबार बढ़ गया है सरकार इसे रोकने के बजाय संरक्षण देने में लगी हुई है नशे के चलते प्रतिदिन अपराध घटित हो रहा है युवा पीढ़ी नशे में डूबकर अपना भविष्य खराब कर रहा है पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि अफीम की खेती मामले में पुलिस के साथ राजस्व विभाग भी दोषी है गिरदावरी प्रक्रिया में राजस्व विभाग द्वारा कितने रकबा में कितना और कौन सा फसल लगा है, इसका सर्वे किया जाता है फिर भी 10 एकड़ में लगे अफीम के पौधों पर राजस्व विभाग का नजर नहीं पड़ना समझ से परे है इस के लिए सरकार जिम्मेदार है दुर्ग जिले के समोदा गांव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किये जाने का मामला उजागर हुआ है इस से स्पष्ट हो गया है कि राज्य की भाजपा सरकार नशे के कारोबार को संरक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को नशे की ओर धकेलने का प्रयास कर रही है पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम, हेरोइन जैसे नशे के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत, महामारी का रूप ले चुकी है चंद पैसों के लिये सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं। इसके विरोध में आज भिलाई में भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया गया।

# हमारी मातृभाषा भावनाओं को व्यक्त करने का सरल व सशक्त माध्यम : डेका

## राज्यपाल ने संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास किया



**रायपुर, 12 मार्च।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अंतर्गत इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के तहत आयोजित आइडियाथॉन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अपनी भावनाओं, दुख और खुशी को व्यक्त करने का सबसे सरल और सशक्त माध्यम हमारी मातृभाषा होती है। उन्होंने मातृभाषा की समृद्धि और विकास पर बल देते हुए कहा कि मातृभाषा से हम सब का आत्मीय जुड़ाव होता है। किसी अनजान जगह पर जब हम किसी मातृभाषी से मिलते है तो उनसे तुरंत एक स्नेह के बंधन मे बंध जाते हैं।

हमारा देश अपनी समृद्ध संस्कृति और विविध भाषाओं के लिए जाना जाता है। हमारा देश बहुभाषी होते हुए भी आपस में एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। इसमें संस्कृत भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी प्राचीनतम भाषा संस्कृत है। अगर बारीकी से अध्ययन किया जाए तो आप देखेंगे कि संस्कृत भाषा शब्द सभी भारतीय भाषाओं- हिन्दी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, असमिया आदि में सम्मिलित है। हमारी सांस्कृतिक विविधता ही हमारी सबसे बड़ी विशेषता है।

श्री डेका ने कहा कि संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास करते समय उन्हें प्रसन्नता हो रही है, सिंधी भाषा संवर्धन की दिशा में यह उल्लेखनीय कदम है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविधालय में सिंधी भाषा में एक वर्ष का डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर (एम.ए.) पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जो भाषा को जीवित रखने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत में अनेक भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती है। इनमें से एक सिंधी भाषा है, जिसमें साहित्य और संस्कृति निरंतर प्रवाहमान है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज के लोग भारत देश का हिस्सा बनकर रह रहे है, सिंधी समाज के लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर आज संपन्नता हासिल की और समाज ने देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का ऐसा कोई राज्य नहीं होगा जहां सिंधी भाषी न रहते हों। छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करना अच्छी बात है लेकिन जिस प्रदेश में हम रहते है। वहां की भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। तभी समाज में समरसता आती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं का इतिहास अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध रहा है। भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक अस्मिता हैं। राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी भाषाएं मिलकर सांस्कृतिक सम्पन्नता को अभिव्यक्त करती हैं। इनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। हमें मातृभाषाओं तथा भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। इनका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। आधुनिक तकनीकी से जोड़ने का प्रयास भी आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ियों तक इन भाषाओं में समाहित ज्ञान-विज्ञान, इतिहास-विरासत, साहित्य एवं कला-संस्कृति आदि को सहज रूप में हस्तांतरित किया जा सके । उन्होंने कार्यक्रम में गत वर्ष के आइडियाथॉन विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर शदाणी दरबार के पीठाधीश संत युधीष्ठीर लाल जी महाराज, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली से प्रोफेसर सुनील बाबूराव कुलकर्णी, रायपुर शहर के विधायक पुरंदर मिश्रा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला और कुलसचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं और सिंधी समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बस्तर में बंदूक हार रही है विश्वास जीत रहा है: साय



- जगदलपुर में 3.29 करोड़ के इनामी 108 सशस्त्र माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, 44 महिला कैडर भी शामिल

**रायपुर, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा के खिलाफचल रही मुहिम को एक बड़ी सफ्लता बताते हुए कहा है कि अब बस्तर में बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में ?3.29 करोड़ के इनामी 108 सशस्त्र माओवादी कैडरों द्वारा हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादी कैडरों में 44 महिला माओवादी भी शामिल हैं। यह दर्शाता है कि बस्तर के लोगों में अब विकास और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों तथा बस्तर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के कारण बड़ी संख्या में माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। इससे बस्तर में शांति का वातावरण मजबूत हो रहा है और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने इस सफ्लता के लिए सुरक्षा बलों के साहस, प्रशासन के प्रयासों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोग अब भय और हिंसा से मुक्त होकर विकास और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार के साथ समन्वय करते हुए नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ को भयमुक्त, शांतिपूर्ण और विकसित बनाना है। इसके लिए सुरक्षा, विकास और विश्वास–इन तीनों मोर्चों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि भयमुक्त और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण सरकार का अटल संकल्प है।

## एक नजर

### मिलेट्स की खेती से बढ़ रही किसानों की आय, दंतेवाड़ा में रागी उत्पादन की नई पहल

**रायपुर, 12 मार्च।** मिलेट्स (मोटा अनाज) की खेती कम लागत, कम पानी और बिना रसायनों के होने वाली एक अत्यधिक लाभदायक व पौष्टिक खेती है, जो 80-90 दिनों (जून-जुलाई से) में तैयार होती है। ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी जैसे मिलेट्स बंजर या कम उपजाऊ भूमि के लिए भी उपयुक्त हैं। दंतेवाड़ा जिला अब मिलेट्स उत्पादन के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जा रही है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के प्रयासों से अब किसान पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती में नए प्रयोग कर रहे हैं। इससे किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद मिल रही है। दंतेवाड़ा जिले के कृषि इतिहास में पहली बार लगभग 300 प्रगतिशील किसान उन्नत 'श्री विधि' से रागी (मडिया) की खेती कर रहे हैं। इस नई पद्धति से रागी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पोषक अनाजों की खेती को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। रागी को पोषण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसमें कैल्शियम और आयरन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इस पहल को सफ्ल बनाने के लिए कृषि विभाग और भूमगादी की टीम गांव-गांव जाकर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दे रही है। किसानों को बुवाई की सही विधि, पौधों के बीच उचित दूरी, जैविक खाद का उपयोग और फसल प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। इससे किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। जैविक और प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देने किसानों को बहुफसली प्रणाली अपनाने किया जा रहा है।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी आई तो होगी कार्रवाई: साव

**रायपुर,12 मार्च।** राज्य शासन ने गरियाबंद जिले में मुख्य जिला मार्ग राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद के मजबूतीकरण और उन्नयन के लिए 153 करोड़ 82 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 35.5 किमी सड़क का मजबूतीकरण और उन्नयन किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने सड़क व पुल-पुलिया निर्माण के लिए 139 करोड़ 48 लाख 72 हजार रुपए तथा भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 14 करोड़ 33 लाख 62 हजार रुपए मंजूर किए हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस साल 1 जनवरी को केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत इस सड़क के मजबूतीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से आज राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# महिला नेतृत्व की मिसाल : संकुल शैक्षिक समन्वयक के रूप में अलका चौहथा निभा रहीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**रायपुर, 12 मार्च।** शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता से निरंतर नई पहचान बना रही हैं। एम सी बी जिला के मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 09 की प्रधान पाठिका श्रीमती अलका चौहथा भी ऐसी ही प्रेरणादायी महिला हैं, जो अपने समर्पण और कार्यकुशलता के बल पर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**जिले की एकमात्र महिला संकुल शैक्षिक समन्वयक:** 20 मई 2025 से नियुक्त अलका चौहथा वर्तमान में जनजातीय कल्याण विभाग (ञ्जङ्खष्ठ) के अंतर्गत संकुल शैक्षिक समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। जिले में कार्यरत 28 संकुल शैक्षिक समन्वयकों में वे एकमात्र महिला संकुल शैक्षिक समन्वयक हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए गौरव का विषय है, बल्कि जिले की अनेक महिला शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

**शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में निभा रहीं अहम भूमिका:** संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। इस पद का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाना, शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार लाना होता है। अलका चौहथा अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का निरीक्षण करती हैं तथा शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों, प्रभावी पाठ योजना और गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए प्रेरित करती हैं।

**शिक्षकों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान:** वे समय-समय पर शिक्षकों की बैठक, प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यशालाओं का आयोजन



कर शिक्षकों की क्षमता में और शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि करने का प्रयास करती हैं। साथ ही विद्यार्थियों के अधिगम स्तर और शैक्षणिक परिणामों में सुधार के लिए योजनाएं तैयार करती हैं तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करती हैं।

**समर्पण और निष्ठा से दे रहीं उल्लेखनीय योगदान:** विद्यालयों की प्रगति, उपलब्धियों और समस्याओं से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित करना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का हिस्सा है। अलका चौहथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उनका कार्य न केवल विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने में सहायक हो रहा है, बल्कि जिले की अन्य महिला शिक्षकों को भी आगे बढ़ने और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर रहा है। अलका चौहथा की यह प्रेरक यात्रा यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ महिलाएं शिक्षा सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं।

## रास्ता रोककर पैसे की मांग, चाकू से जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 10 मार्च की शाम 7 बजे अपने घर से कसडोल निजी काम से जा रहा था, कि इस दौरान बैंगनडबरी मुक्तिधाम के आगे पुल के पास आरोपी सूरज साहू एवं हेमंत बंजारे द्वारा मोटरसाइकिल में आकर प्रार्थी का रास्ता रोककर, पैसे की मांग करते हुए चाकू से जानलेवा वार किया गया, जिससे प्रार्थी बचते बचाते वहां से भाग गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 100/2026 धारा 296, 351(3), 119(1), 126(2) 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर पैसे की मांग करते हुए उस पर चाकू से जानलेवा वार करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. ष्टत्र22 रू 6214 एवं एक बटनदार चाकू जप्त किया गया है तथा प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 11.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम सूरज साहू उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08 बलार रोड कसडोल थाना कसडोल, हेमंत बंजारे उम्र 18 वर्ष निवासी कांटीपारा वार्ड क्रमांक 13 कसडोल थाना कसडोल हैं।


### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक करेंगे दौरा

**रायपुर, 12 मार्च।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (एनआरआई डीए), नई




दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों (एनक्यूएम) का छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह दौरा मार्च 2026 के दौरान आयोजित किया जाएगा। इस निरीक्षण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे तथा कार्यों की प्रगति और मानकों का मूल्यांकन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज कुमार सिंह द्वारा कांकेर एवं नारायणपुर, सतीश कुमार द्वारा कोरिया, जशपुर एवं बलरामपुर, नुरुल एन इशरत द्वारा धमतरी एवं गरियाबंद जिलों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा।

## मवेशियों को हादसे से बचाने लगाई रेडियम पट्टी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 12 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक छत्तीसगढ़ के द्वारा गाय के सींग पर लाल रेडियम लगाने का कार्यक्रम चल रहा है ताकि रात के समय सड़कों पर बैठे घुमंतू पशुओं को हादसे से बचाया जा सके और वाहन चालक भी दूर से ही रेडियम की चमक से पशुओं को देख सके और हादसे से सुरक्षित रहे इसलिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी रेनॉल्ड एंथोनी के दिशा निर्देशों में इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में किया जाना है दिनांक 11 3 2026 को ग्राम पुराना अछोली बगदाई पारा में जिला कार्यकारी अध्यक्ष गैंद लाल कुर्रे तथा डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत वाल्दे के द्वारा गौ संरक्षण अभियान के तहत पशुओं के सिंग में लाल रेडियम लगाया गया

# बैकुंठ में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 12 मार्च।** विगत दिवस बैकुंठ मे शुभम महिला सेवा समिति, बैकुंठ के द्वारा महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें 50 महिलाओ कों अंगवस्त्र, नारियल, फूलमाला से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत टंडवा की सरपंच महोदया आदरणीया योगिता कृष्ण कुमार वर्मा, समिति की अध्यक्ष प्रियंका गायकवाड ने सभी उपस्थित महिलाओ का सम्मान किया, छोटी बालिकाओं द्वारा रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत किया गया। प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान हुआ जिसमें पूजा गेंडरे अपने स्कूल में 10 कक्षा में प्रथम रही, इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद रही, भागबाई गायकवाड, संतोषी, कल्पना, सुनीता कोशले, ललिता, बिस्मत धीरज, बंगला बाई, दशरहीन, यशोदा मार्कण्डेय, कुमारी मार्कण्डेय, पार्वती कोशले, भारती लहरे, सीमा, मिलोतीन, प्यारी बाई रात्रे, रामबाई, नीतू गेंडरे, गौकरण रात्रे, अवध रात्रे, शिवचंद मलहरे, शिवप्रसाद मलहरे, प्रिन्स गायकवाड, यशराज गायकवाड, शुभम, तेजस, साक्षी, मोरश्री, उक्त कार्यक्रम के दौरान 350 लोगों कों स्वालपाहार भी समिति द्वारा कराया गया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था भाजपा तिल्दा ग्रामीण महामंत्री अधिवक्ता दिनेश गायकवाड जी द्वारा किया गया, पूरे गाँव में उत्साह का असर देखने कों मिल रहा है, महिला सम्मेलन कार्यक्रम से महिलाओ कों समाज में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, घर परिवार, समाज देश कों अच्छे से संभल पायेगी।

## सरस्वती साइकिल योजना व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से सशक्त हो रहीं बेटियां



**रायपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं के सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। शासन की दूरदर्शी नीतियों, जनजागरूकता अभियानों और सतत मॉनिटरिंग के कारण जिले में बालिका शिक्षा का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की पढ़ाई अक्सर प्राथमिक कक्षाओं तक ही सीमित रह जाती थी, लेकिन अब बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय की दूरी बालिकाओं की शिक्षा में बड़ी चुनौती रही है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए संचालित सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हाई स्कूल में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। इस योजना से छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ी है और स्कूल छोड़ने की दर में भी कमी आई है। शासकीय हाई स्कूल कोठली की छात्रा कुमारी पूनम गुप्ता बताती हैं कि साइकिल मिलने से अब उन्हें पैदल नहीं चलना पड़ता। इससे वे समय पर विद्यालय पहुंच पाती हैं और पढ़ाई के लिए अधिक समय भी दे पाती हैं।

### लिंग भेद समाप्त कर सुविधाओं में वृद्धि

ग्राम स्तर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों और विशेष शिविरों के माध्यम से बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और शाला त्यागी जैसी समस्याओं पर भी नियंत्रण पाया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को छात्रवृत्ति, शिष्यवृति, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मध्यान्ह भोजन एवं पोषण कार्यक्रमों से बालिकाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार देखा जा रहा है।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं एनकॉर्ड की बैठक में

# मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री की निगरानी, यातायात नियमों के अनुपालन पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय सडक सुरक्षा एवं नार्को समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थो की खेती, निर्माण एवं बिक्री सहित सड़क दुर्घटना में कमी लाने यातायात नियमों क पालन व बलॉक स्पॉट पर संकेतक एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय पर जोर दिया गया।

कलेक्टर शर्मा मादक पदार्थो की खेती के सबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस, वन तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले तीन दिन में गहन जांच अभियान चलाकर प्रमाण पत्र जारी करें कि अपने क्षेत्र में कोई मादक पदार्थ की खेती नहीं हुई है। उन्होने स्पष्ट चेतवानी दी कि प्रमाण पत्र जारी होने के कहीं भी मादक पदार्थो की खेती की शिकायत मिलने पर सम्बधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही पर जोर देते हुए कहा कि 5 लीटर से अधिक महुआ शराब निर्माण पर कड़ी कार्यवाही करें। इसके साथ ही किसी शराब दुकान में ओवर रेट की शिकायत मिलने पर सेल्समेन सहित टीम को बदलने में. निर्देश दिये। उन्होंने



आदतन अपराधियों पर बांड ओवर की कार्यवाही करने कहा। शैक्षणिक संस्थाओं के 500 मीटर की परिधि में मादक पदार्थो की बिक्री पर रोक, स्कूलों में आपराधिक घटनाओं पर रोक के लिये छात्रों के स्कूल बैग्स की समय समय पर जांच करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिये हेलमेट की अनिवार्यता, 3 सवारी पर प्रतिबंध, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, मोड़ीफाइड साइलेंसर पर प्रतिबन्ध, तेज आवाज वाली डीजे आदि पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित करने के बाद दोबारा गलती करने पर लाइसेंस टर्मिनेट कराएं। नये चिन्हित ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्कूल शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया। कलेक्टर ने रेत के अवैध उत्तखनन एवं परिवहन सहित ओवर लोड एवं गाड़ियों के स्पीड पर भी निगरानी रखने व उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सूचना तंत्र की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग होने की स्थिति की सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित हो। अवैध शराब निर्माण, बिक्री, रेत उत्तखनन एवं यातायात पर कड़ी निगरानी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, टीआई सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## जो सत्ता में नहीं वह दिखावा ही करता है

राजनीति में कई बार राजनीतिक दल खुद तो कुछ कर नहीं पाते हैं ऐसे में उनके सामने दिखावा करने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है। इसलिए वह जब भी मौका मिलता है तो किसी वर्ग विशेष का हितैषी होने का दिखावा करते हैं। उनके आचार विचार से ही जनता को यह पता चल जाता है कि उसका हितैषी कौन है और कौन हितैषी होने का दिखावा कर रहा है।छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों के बीच आए दिन होड़ लगी रहती है यह दिखाने की कि किसान हितैषी कौन है। जिसको जहां मौका मिलता है, वह यह बताने व दिखाने का प्रयास करता है कि हमसे बड़ा किसान हितैषी कोई नहीं है, हम सत्ता में रहे या न रहें हम किसान हितैषी है और हम ही किसान हित में काम करते रहे हैं। विधानसभा का सत्र हो तो कांग्रेस को मौका मिलता है खुद को किसान हितैषी और सरकार को किसान विरोधी साबित करने का लेकिन वह सत्ता में नहीं है इसलिए वह किसानों के हित में कुछ कर तो नहीं सकती इसलिए वह बातों के जरिए खुद को किसान हितैषी होने का दिखावा करती है।धान खरीदी के दौरान उसने किसानों के हित में ऐसा कुछ नहीं किया जिससे किसानों को धान बेचने में आसानी हो, जिन किसानों का धान टोकन कटने के बाद भी नहीं बिका ऐसा कुछ नहीं किया कि उन किसानों को धान बिक जाता। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस को मालूम नहीं था कि राज्य के हजारों किसान तय समय पर अपना धान नहीं बेच सके हैं,मालूम था लेकिन उसने ऐसा कुछ तो किया नहीं जिससे हजारों किसान जिनका टोकन कट चुका था वह अपना धान आसानी से बेच पाते। वह खाली सरकार से मांग करती रही कि धान खरीदी का समय बढ़ाया जाए।सरकार हर साल जो किसान तय समय में धान नहीं बेच पाते हैं, उनके लिए कुछ दिन बढ़ाती रही है,इस बार भी सरकार ने दो दिन धान खरीदी का समय बढ़ाया था ताकि जो किसान धान नहीं बेच सके हैं,वह अपना धान दो दिन में बेच सकें। इसके बाद भी यदि किसान अपना धान नहीं बेच सके हैं तो इसके लिए सरकार कहां दोषी है। विधानसभा म्ं विधायक लखेश्वर बघेल ने धान खरीदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बस्तर संभाग के ४४६१२ किसान धान नहीं बेच पाए।जवाब में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने वही कहा जो हर सरकार का खाद्य मंत्री कहता कि जितने किसान सोसायटी धान बेचने आए उनका धान खरीदा गया है। यही भाजपा सरकार हो या कांग्रेस सरकार हो यही प्रक्रिया है और ऐसा होता है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अपने सवाल के जरिए यह जताने की कोशिश की साय सरकार के समय पंजीकृत व ऋणी किसानों का धान भी नहीं खरीदा गया है। इस पर मंत्री ने साफ कर दिया कि पंजीकृत किसान व ऋणी किसानों का धान तो पूर्व सरकार के समय भी शतप्रतिशत नहीं खरीदा गया था। यह सच भी है क्योंकि जितने किसान पंजीयन कराते है,सबका धान तो कोई भी सरकार हो खरीदा नही जाता है। इसी तरह सभी ऋणी किसानों का धान भी खरीदा नहीं जाता है क्योंकि वह सोसायटी बेचने ही नहीं आ पाते हैं। पंजीकृत व ऋणी किसान होने या टोकन कट जाने का मतलब यह तो होता नहीं है कि उसका धान सरकार अनिवार्य रूप से खरीदेगी,वह सोसायटी आएगा तो ही सरकार धान खरीदेगी। कवासी लखमा ने अपने सवाल के जरिए खुद को बड़ा किसान हितैषी बताने का प्रयास करते हुए कहा कि पंजीयन व टोकन कटने के बाद भी किसानों का धान नहीं खरीदा गया।ऐसे किसानों का अब क्या होगा, उनका कर्ज कौन पटाएगा।उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार ऋणी किसानो का धान खरीदे या उनका कर्ज माफ करे।यह कांग्रेस का किसान हितैषी करने का दिखावा था क्योंकि वह जब सरकार में थी तो उसने तो ऐसा किया नहीं था कि ऋणी किसानों का धान अलग से खरीदा हो, या ऐसा नहीं करने पर उसने ऋणी किसानों का कर्जा माफ किया था।उसने अपने समय में खुद ऐसा नहीं किया और खुद को किसान हितैषी बताने के लिए साय सरकार को ऐसा करने को कह रही है।कांग्रेस सरकार के समय भी जो किसान सोसायटी आते थे उनका धान खरीदा जाता था और साय सरकार के समय भी यही किया गया है तो इसके लिए कांग्रेस साय सरकार की आलोचना कैसे कर सकती है कैसे कह सकती है कि उसने सब किसानों का धान नहीं खरीदा।

**स्वास्थ्य**

# निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग

**प्रतापराव जाधव द्वारा**



बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्त रोत्तवर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्तै जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं।

मोरारजी देसाई राष्ट्री य योग संस्था न (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025–2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तिक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्था न की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्सा दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं।

इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है।

संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

डिजिटल प्लेरटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। m-Yoga मोबाइल एप्लिकेशन और Y-Break प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्वि बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्वै स्वारस्य् च संगठन के सहयोग से विकसित किए गए m-Yoga प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम Y-Break – जो काम के दौरान 5–10 मिनट का सरल योग ब्रेक है – से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है। इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। Y Break अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं।

शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं—ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। Y-Break अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने , कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य–जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है।

एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन–2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्वो पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्प ष्टि स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं।

ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्ततरोत्तेर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें।

योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

## सू- दोकू क्र.340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -340

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

**व्यक्तित्व**

# सनातन धर्म के ध्वजवाहक आचार्य झम्मन शास्त्री

हिन्दू धर्म ग्रंथों का गूढ़ अध्ययन और उसकी सूक्ष्म मिमांसा भोजन का ग्रास लेने जैसा आसान नहीं है। उस पर सनातनी आचार-व्यवहार का पालन करना और भी दुष्कर कार्य हो जाता है। ये सोच हम जैसे सामान्य लोगों की हो सकती है। धर्म परायण और ईश्वर से लगन लगा लेने वालों के लिए यही दुष्कर लगने वाले कार्य उनके दैनिक जीवन में आसान सा






हिस्सा होते हैं। ये विशेष शख्सियत की श्रेणी में आते हैं। ऐसे चंद व्यक्तित्वों में वेद-पुराणों के ज्ञाता और व्याख्यानकर्ता आचार्य झम्मन शास्त्री हैं। वे धर्म ग्रंथों के झरना हैं तो सनातनी ज्ञान के झमाझम बारिश है। शांत, सरल और सौम्य शास्त्री के पास हर धार्मिक सवालों के जवाब तथा शंकाओं के समाधान हैं। वे अद्भुत व्यक्तित्व के मालिक हैं। चेहरे का ओज उनके ज्ञान व योग्यता का सबूत है। तभी तो वे जन-जन में लोकप्रिय हैं। श्रीमद्भागवत कथा हो या अन्य धार्मिक कथाएं उनकी वाणी से श्रवण करने में ऐसे लगता है मानो कथा की तस्वीर आंखों के सामने चल रही हो। ओजस्वी प्रवचन श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर बांधे रखता है। सनातन धर्म का पताका पूरे देश में फहराने वाले आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री का जन्म शिवनाथ नदी के किनारे बसे ग्राम झिरिया (बेमेतरा) में 16 फरवरी 1964 को पंडित शंभू प्रसाद मिश्र के घर हुआ था। छः भाइयों व एक बहन में वे छठवें क्रम की संतान हैं। माता श्रीमती रामकुंवर देवी की कोख को प्रणाम हैं जिन्होंने भगवान के सेवकों को जन्म दिया है।

**शिक्षा एवं संस्कार** –बाल्यकाल की प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद जिन्हें धमतरी में श्रीगायत्री संस्कृत विद्यालय में संस्कृत विद्या अध्ययन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। धमतरी में अध्ययन करते हुए धर्मसम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री हनुमान प्रसाद ब्रह्मचारी जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में शिक्षा एवम मंत्र दीक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला। प्राचीन किले के श्री हनुमान मंदिर में ब्रह्मचारी जी गायत्री पुरुष चरण 24 लाख गायत्री मंत्र का जप अनुष्ठान विधि से संपन्न किया। जिसके कारण परिसर का माहौल गौरवमयी हुआ।

**दीक्षा के साथ सनातन धर्म कार्य** –विद्या अध्ययन करते हुए सन् 1980-81 में पुरी पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निरंजन देव तीर्थ जी महाराज का शुभागमन धमतरी हुआ। जगद्गुरु से मंत्र दीक्षा ग्रहण करने के साथ सत्संग साधना सेवा स्वाध्याय के मार्ग में चलने का सिलसिला चल पड़ा। 1981 से 87 के मध्य जगतगुरू तीन बार धमतरी पधारे। पूज्यपाद श्री शंकराचार्य जी के सानिध्य लाभ लेकर धर्म प्रचार के क्षेत्र में कार्य करने के प्रति जिज्ञासा बढ़ी। शास्त्री जी ने 1988 में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत में व्याकरण आचार्य की उपाधि प्राप्त की। शिक्षा ग्रहण करने के बाद श्रीमद् भागवत महापुराण का प्रवचन करने के पूर्व मूल पारायण 1983 में शास्त्री जी ने प्रथम बार पाठ अनुष्ठान अपने अग्रज पूज्य श्री प्रमोद शास्त्री जी महाराज मानस केसरी के सानिध्य में किया। वैदिक यज्ञों के संपादन में अग्रज श्री बलदेव प्रसाद शास्त्री जी के साथ सत्संग प्राप्त हुआ। 1990 में बेमेतरा के मजगांव में प्रथम बार यज्ञाचार्य हुए। यह भी एक संयोग ही है कि 1987- 88 में प्रथम बार भाटापारा में गुलाब पांडे खपरी वाले के यहां भागवत प्रवचन करने का शुभ अवसर मिला। यज्ञ महोत्सव में तात्कालीन पुरी पीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य जी का दंडी स्वामी के रूप में पदार्पण हुआ।

**पीठ परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष** – सन 1992 में पूर्वाचार्य गुरुदेव भगवान द्वारा गोवर्धन मठ पुरी पीठ में शंकराचार्य जी को अपने कर कमल द्वारा अभिषेक कर काशीवास के लिए प्रस्थान किया उनका अद्भुत त्याग था अपने जीवन काल में शंकराचार्य पद त्याग कर वाराणसी में मां गंगा की गोद में 1996 में समाधिस्थ हो गए। प्रतिवर्ष वहां उनका दर्शन और सानिध्य सुलभ होता था। वर्तमान शंकराचार्य जी का प्रथम बार छत्तीसगढ़ में पाटन यज्ञ में शुभागमन हुआ उसी क्रम में लगातार यहां प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हुआ। सन 1996 में ही पूर्वाचार्य जी के सानिध्य में गुरुदेव भगवान द्वारा पीठ परिषद का गठन हुआ। पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी एवम् आनंद वाहिनी का कार्यभार सौंपते हुए शास्त्री जी को अध्यक्ष बनाया। सनातन धर्म के प्रचार के लिए शास्त्री जी को 2008-2009 में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से सुशोभित किया गया। इसी के बाद शास्त्री जी ने देश-भर में पूज्यपाद श्री शंकराचार्य द्वारा संचालित धर्म और राष्ट्र रक्षा का ध्येय लेकर प्रवचन और सत्संग करते हुए समाज को जागरूक करने में महती भूमिका निभाई। प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार में हुए महाकुंभ मेला में जगद्गुरु शंकराचार्य के शिविर में भागवत कथा करते हुए सनातन शास्त्र परंपरा के प्रति समाज को प्रेरित किया।

छत्तीसगढ़ के देवी स्थलों में महामाया देवी रतनपुर, बम्लेश्वरी माता डोंगरगढ़, चन्द्रहासिनी देवी चन्द्रपुर के साथ भोरमदेव मंदिर में भी यज्ञ अनुष्ठान एवं कथा सत्संग आयोजित किया।भाटापारा नगरी में 1999 में निवास करते हुए शास्त्री जी के सानिध्य से नगरवासियों को जगद्गुरु शंकराचार्य का दर्शन व सत्संग का लाभ मिल रहा है। भगवत कृपा से गोवर्धनमठ पुरी द्वारिकाधाम में एवम् नैमिष्यरण्य एवम शुक्रताल तीर्थ स्थलों में शास्त्री जी ने नगरवासियों को कथा श्रवण कराया। भाटापारा नगरी के श्री नारायणी नवलधाम मंदिर में 9 मार्च से श्रीमद्भागवत पुराण कथा का प्रारंभ हो रही है। श्रीमद् भागवत कथा के व्यासजी झम्मन प्रसाद शास्त्री जी हैं। प्रतिदिन 3 से 6 बजे प्रवचन भी आयोजित किया गया है। यह नगर के लिए गौरव का विषय है कि सनातन धर्म ध्वजा रोहण करने वाले शास्त्री जी श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन कर रहे हैं। शास्त्री के व्यक्तिव एवम् कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दिया गया है ताकि लोग उनसे भलि भांति परिचित हो सनातन धर्म के जागरण कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम भी अच्छे ढंग से होंगे। आज बच्चों को चिड़िय़ाघर घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनन्द उठाएंगे। पारिवारिक काम निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियां आज खुद-ब-खुद दूर हो जाएंगी। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की पुस्तक प्रकाशित हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जाएंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। लेकिन इन गतिविधियों का आपके मान-सम्मान पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे है। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी। इस राशि के जिन लोगों का सिंगिंग में रुझान है आज उन्हें किसी टीवी शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप महंगी खरीददारी के बारे में भी अपना मन बना सकते हैं, लेकिन आखिरी समय में आपको निर्णय लेने में मुश्किल होगी। लवमेट के साथ कहीं स्टेशन घूमने की प्लानिंग बनाएंगे। नव विवाहित दंपति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि- आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो भविष्य में आपकी सहायता कर सकते है। आज सकारात्मक सोच रखकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। प्रशासनिक नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। साथ ही आज दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं को न रोकें, जो कार्य आपको अच्छा लगें, वहीं करें। शाम का समय आपके लिए चुनौतीभरा हो सकता है। आज आपकी कंपनी का किसी मल्टीनेशनल कंपनी से डील फाइनल हो सकती है। जिससे आप परिवार वालों के साथ पार्टी करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चों को ज्ञान की बातें बताएंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ टाइम स्पेंड करने से आपकी उलझने कम होंगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, इससे समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हर स्थिति में खुश रह पायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

तुला राशि- आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। आज आपके कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को आज मीटिंग के लिए विदेश की यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आपके घर पर मेहमान मेहमान आएंगे, जिससे घर का माहौल व्यस्त रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप नई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आयेगा। आपकी तरक्की समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ाएगी। आपको अपना व्यवहार निखारने की जरूरत है। आज व्यापार की गति बनी रहेगी।

धनु राशि- आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरुरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। इस राशि के नवविवाहित के लिए आज का दिन बेहतरीन है। लवमेट आज कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिससे उनके बीच चल रही अनबन दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद मिलने से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि- आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी। आपका नए लोगों से जल्दी ही परिचय हो सकता है। सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। ऑनलाइन सामान मंगवाने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है, अच्छा ऑफर भी मिल सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कार्यों को आप धैर्य पूर्वक पूरा करेंगे, जिससे आपका काम सफल होगा। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज जो भी फैसला करें काफी सोच विचार कर ही करें, हो सके तो परिवार वालों की राय जरूर लें। दोस्तों को आज डिनर कराने के लिए आप किसी रेस्टोरेंट में ले जाएंगे। आज करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। आज घर या मकान खरीदने का सपना पूरा होगा।

### भंडारण की समस्या के चलते सुखत का खतरा, प्रशासन से उठाव तेज करने की मांग

# लखनपुरी समिति में धान उठाव की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,12 मार्च।** कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लखनपुरी में इस वर्ष धान उठाव की धीमी प्रक्रिया के कारण गंभीर स्थिति बनती जा रही है। किसानों से बड़ी मात्रा में धान खरीदी के बाद भी समय पर मिलों तक परिवहन नहीं होने से समिति में हजारों क्विंटल धान जमा हो गया है। लंबे समय से धान का उठाव नहीं होने के कारण समिति प्रबंधन को भंडारण और प्रबंधन को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।समिति परिसर और गोदामों में धान का लगातार बढ़ता स्टॉक अब चिंता का विषय बन गया है। समिति प्रबंधन का कहना है कि यदि जल्द ही धान का उठाव नहीं हुआ तो इस वर्ष समिति को भारी सुखत का सामना करना पड़ सकता है। वहीं किसानों के बीच भी इस स्थिति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

खरीदी तो हुई, लेकिन उठाव नहीं होने से बढ़ा दबाव समिति प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से बड़े पैमाने पर धान की खरीदी की गई थी। अब तक लगभग 39 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके अलावा लगभग 20 हजार क्विंटल धान का डीओ यानी डिलीवरी ऑर्डर भी कट चुका है। लेकिन इसके बावजूद धान का उठाव बहुत धीमी गति से हो रहा है। प्रबंधन के अनुसार करीब 20 हजार क्विंटल धान अभी भी समिति में ही पड़ा हुआ है, जिसका उठाव नहीं हो पाया है। इतने बड़े पैमाने पर धान के जमा हो जाने से समिति परिसर में जगह की भारी कमी हो गई है। गोदामों में पहले से रखे धान के कारण नए स्टॉक को व्यवस्थित करना मुश्किल हो रहा है।

मिलों में सीमित स्टोरेज की बात कही जा रही है समिति प्रबंधक ने बताया कि धान उठाव में देरी का एक कारण मिलों में सीमित स्टोरेज की स्थिति भी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार करीब 900 क्विंटल धान मिल में स्टेज यानी स्टॉक बताया जा रहा है, जिसके चलते आगे का उठाव धीमा पड़ गया है। मिलों द्वारा धीरे-धीरे धान उठाव किए जाने से समिति में धान का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।उन्होंने कहा कि यदि मिलों द्वारा नियमित रूप से धान उठाव किया जाए तो समिति में जमा धान को तेजी से खाली कराया जा सकता है। लेकिन वर्तमान स्थिति में उठाव की गति काफी धीमी होने से समस्या और गंभीर होती जा रही है।

#### खुले में रखना पड़ रहा धान, बढ़ा नुकसान का खतरा

धान उठाव में देरी के कारण समिति को भंडारण की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गोदामों में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कई स्थानों पर धान को खुले में रखना पड़ रहा है। खुले में धान रखने से मौसम का असर पड़ने का खतरा भी बना रहता है।

तेज धूप, नमी या अचानक बारिश जैसी परिस्थितियों में धान के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में धान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और समिति को सुखत यानी नुकसान उठाना पड़ सकता है। समिति प्रबंधन का कहना है कि यदि जल्द ही उठाव नहीं हुआ तो स्थिति और ज्यादा खराब हो सकती है।

#### कर्मचारियों और किसानों की बढ़ी चिंता

समिति में धान का लगातार बढ़ता स्टॉक कर्मचारियों के लिए भी चुनौती बन गया है। धान की सुरक्षा, रखरखाव और व्यवस्था बनाए रखने में कर्मचारियों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं किसानों को भी चिंता सता रही है कि यदि धान लंबे समय तक समिति में पड़ा रहा तो उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है।किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा धान खरीदी तो समय पर की गई, लेकिन यदि समय पर उठाव नहीं हुआ तो समितियों और किसानों दोनों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

#### प्रशासन से जल्द समाधान की मांग

समिति प्रबंधन ने इस पूरी स्थिति की जानकारी संबंधित विभाग और अधिकारियों को दे दी है। प्रबंधक का कहना है कि प्रशासन से धान उठाव की प्रक्रिया को तेज करने की मांग की गई है ताकि समिति में जमा धान को जल्द से जल्द मिलों तक भेजा जा सके। स्थानीय किसानों और समिति से जुड़े लोगों ने भी प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि धान खरीदी के बाद समय पर उठाव सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि समितियों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े और नुकसान की स्थिति से बचा जा सके।फिलहाल आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लखनपुरी में धान उठाव की धीमी रफ्तार के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो समिति को इस वर्ष भारी सुखत का सामना करना पड़ सकता है।

## एक नजर

### जिले के नगरीय निकाय एवं कई ग्राम पंचायतें होंगी बालविवाह मुक्त घोषित

**दंतेवाड़ा, 12 मार्च (तछसं.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ऐसे नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत, जहाँ विगत दो वर्षों में बाल विवाह की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले के नगर पालिका परिषद बड़े बचेली एवं किरंदुल तथा नगर पंचायत गीदम और बारसूर सहित विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 से 2024-25 के दौरान इन नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में बाल विवाह का कोई प्रकरण सामने नहीं आया है। इस संबंध में संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की सभाओं में प्रस्ताव पारित किया गया है। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत गीदम के अंतर्गत 20 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत कुआकोण्डा के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। इन नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाएगा।इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो अथवा संबंधित नगरीय निकाय या ग्राम पंचायत में बाल विवाह का कोई प्रकरण संज्ञान में हो, तो वे विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा में कार्यालयीन समय प्रातः 10रू00 बजे से सायं 5रू30 बजे तक लिखित रूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अधिकारी एवं राजनीतिक दलों ने किया ईवीएम का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा, 12 मार्च (तछसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आज इस तारतम्य में 11 मार्च 2026 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन सुपरवाइजर श्री अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनोसाधना शिविर के माध्यम से संवर रहा बच्चों का भविष्य

**जगदलपुर, 12 मार्च।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को जगदलपुर स्थित बाल संप्रेषण गृह में एक विशेष लाइफ स्किल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनो साधना शिविर अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस शिविर के दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की विशेषज्ञ टीम ने बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक तरीके सिखाए, जिससे वे मानसिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भावनात्मक लचीलापन विकसित करना और उनमें तनाव प्रबंधन की क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों को यह समझाया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखा जा सकता है और अपनी मानसिक सेहत को प्राथमिकता दी जा सकती है। इस दौरान टीम ने बच्चों की निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक कौशल को सुधारने पर भी विशेष बल दिया।इस सार्थक पहल से कुल 52 बच्चे लाभान्वित हुए, जिन्होंने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की इस निरंतर सक्रियता से बाल संप्रेषण गृह के बच्चों के व्यवहार और उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टीम का यह प्रयास न केवल उनके वर्तमान मानसिक कल्याण को सुनिश्चित कर रहा है,

# 3.29 करोड़ के ईनामी 108 माओवादी कैडरों ने3.61 करोड़ नगदी,1 किलो सोना के साथ किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 12 मार्च ।** बस्तर संभाग मुख्यालय स्थित शौर्य भवन, पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर, लालबाग में आज ''पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन'' पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ष्ठ्यर्स्ष्ट (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी) से जुड़े कुल 108 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जनों, आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों के परिवारजनों, पुलिस महानिदेशक छ.ग. अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्स.अभि) विवेकानंद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीएसएफ सिवांग नामग्याल, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ शालीन, पुलिस महानिरीक्षक छसबल बीएस. ध्रुव, बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के पुलिस अधीक्षकगण, केंद्रीय सुरक्षाबलों तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में माओवादी संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल रहे। इनमें 5 डिवीजनल कमेटी सदस्य (DVCM), 2 जोनल स्तर के (PM कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी (DVCM), 2 15 प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य (PPCM), 21 एरिया कमेटी सदस्य (ष्टरू) तथा 63 पार्टी सदस्य (PM) शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर लगभग 3.29 करोड़ रुपये की इनाम राशि घोषित है, जो इस सामूहिक आत्मसमर्पण को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाती है। आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं एवं अन्य खुफिया जानकारियों के आधार पर सुरक्षा बलों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए,बरामद किए गए हथियारों में AK-y| राइफल (6), AK-y| TAR (1), INSAS राइफल (10), कार्बाइन (1), SLR राइफल (5), 7.62 मिमी SLR (1), 5.56 मिमी LMG (2), .303 मिमी SLR (1), .303 राइफल (20), 12 बोर राइफल (25) (11), 51 मिमी मोर्टार (1), .315 बोर राइफल (3), मजल लोडिंग राइफल, भरमार (13) तथा मेगा क्लरु (1) शामिल हैं। इस प्रकार विभिन्न स्थानों से कुल 101 हथियार बरामद किए गए हैं। जिला-वार कार्रवाई के दौरान नारायणपुर जिले से सर्वाधिक 49 हथियार, इसके अतिरिक्त बस्तर से 24, सुकमा से 12, बीजापुर से 09, दंतेवाड़ा से 05 तथा कांकेर से 02 हथियार बरामद किए गए।इस अवसर पर बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ने बचे हुए गिने-चुने शेष माओवादी कैडर्स से अपील की है कि हिंसा छोंडकर हथियार त्यागकर मुख्यधारा में लौटें। शासन उनके सुरक्षित, सम्मानजनक और उज्जवल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।÷पूना मारगेम-पुनर्वास से पुनर्जीवन÷ पहल के माध्यम से हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले युवाओं को पुनर्वास, सुरक्षा तथा सम्मानजनक जीवन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में स्थायी शांति, विकास और विश्वास के वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाना है, ताकि बस्तर क्षेत्र में शांति और प्रगति की नई संभावनाएं साकार हो सकें।

राज्य शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को नियमानुसार आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, आवास, शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें समाज में सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जाएगा,

# जिले में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजनांतर्गत मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 मार्च ।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की दूरदर्शी पहल से जिले में मोटे अनाजों की खेती को नई पहचान मिल रही है। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए अब रागी (मडिया) की खेती में भी नवाचार की शुरुआत की गई है, जिससे किसान आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिले के कृषि इतिहास में पहली बार लगभग 300 प्रगतिशील किसानों द्वारा उन्नत 'श्री विधि' के माध्यम से रागी की बुवाई और खेती की जा रही है। यह पहल रागी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में पोषक अनाजों की खेती को भी प्रोत्साहित कर रही है। रागी अपनी उच्च पोषण गुणवत्ता, विशेषकर कैल्शियम और आयरन की प्रचुरता के कारण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। जिले में इस नवाचार को सफल बनाने के लिए कृषि विभाग तथा भूमगादी की टीम लगातार गांव-गांव जाकर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। खेतों में नियमित भ्रमण कर किसानों को बुवाई की विधि, पौधों की उचित दूरी, जैविक खाद के उपयोग तथा फसल प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है, जिससे किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। 'श्री विधि' से रागी की खेती कई मायनों में विशेष मानी जाती है। इस पद्धति में बीज की मात्रा कम लगती है, जिससे लागत घटती है।

# बिहान से जुड़कर लक्ष्मी बिश्वास का बढ़ा आत्मविश्वास,बनीं आत्मनिर्भर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 12 मार्च ।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बिहान कार्यक्रम के तहत महिलाएं न सिर्फ सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ खुद का मुकाम स्थापित भी कर ली हैं।

जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम जनकपुर की रहने वाली श्रीमती लक्ष्मी बिश्वास आज आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई हैं। वे जय माता दी स्वसहायता समूह की सदस्य हैं तथा जनकपुर महिला ग्राम संगठन से जुड़ी हुई हैं। श्रीमती लक्ष्मी बताती हैं कि पहले वे एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं, जहां उन्हें मात्र 2000 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता था। इतनी कम आय में परिवार का भरण-पोषण करना काफी मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान वर्ष 2017 में वे बिहान (राष्ट्रीय



ग्रामीण आजीविका मिशन) से जुड़ीं और स्व-सहायता समूह के माध्यम से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने ऋण लेकर अपने खेत में बोरिंग करवाया, जिससे खेती में सुधार हुआ और उत्पादन भी बढ़ा। साथ ही सिलाई सेंटर भी शुरू किया, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का निश्चित स्रोत मिला। अपनी मेहनत और लगन के बल पर आज उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हो चुकी है और वे सालाना 3 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। श्रीमती लक्ष्मी के बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं और परिवार का जीवन स्तर भी पहले से काफी बेहतर हुआ है। इतना ही नहीं, उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिला है।लक्ष्मी बिश्वास इसका श्रेय बिहान कार्यक्रम और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करती हैं। उनकी यह कामयाबी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो शासन के सहयोग और खुद की मेहनत व लगन के दम पर हर महिला आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है।

### बस्तर की बेटी हेमलता ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से बदली अपनी किस्मत

**जगदलपुर, 12 मार्च।** जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम माड़पाल की रहने वाली हेमलता कश्यप की कहानी आज उन तमाम युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो संसाधनों के अभाव में अपने सपनों को दम तोड़ने देते हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित एक छोटे से गांव में रहने वाली हेमलता के परिवार की आर्थिक स्थिति कभी काफी चुनौतीपूर्ण थी। महज एक एकड़ कृषि भूमि और छह सदस्यों वाले बड़े परिवार की जिम्मेदारी के बीच 12वीं पास हेमलता हमेशा से अपने पिता पाकलु कश्यप का हाथ बंटाना चाहती थीं। उनके मन में कुछ कर गुजरने की सोच तो थी, लेकिन सही दिशा और पूंजी का अभाव आड़े आ रहा था।इसी दौरान हेमलता की नजर अखबार में छपी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर पड़ी। उन्होंने इसे अपनी किस्मत बदलने के अवसर के रूप में देखा और अपने पिता के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जगदलपुर के कार्यालय पहुंचीं।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं को जल्द पूर्ण करें : कलेक्टर

**जगदलपुर, 12 मार्च ।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने बैठक में जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे उच्च स्तरीय जलागार (ओवरहेड टैंक) के निर्माण को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए सुधार योग्य नल-जल योजनाओं की शीघ्र मरम्मत कराने तथा हैंडपंपों के समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने कहा। साथ ही सोलर ड्यूल पंपों का नियमित संधारण कर उन्हें सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान स्वीकृत जल प्रदाय योजनाओं की स्थिति, हर घर जल प्रमाणीकरण, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण की प्रगति, सोलर ड्यूल पंप स्थापना इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जगदलपुर एवं क्रेडा के अधिकारी तथा मैदानी कर्मचारी उपस्थित थे।

# लखपति दीदी-मजदूरी छोड़ बनीं कार और ट्रैक्टर की मालकिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 मार्च ।** राजकुमारी ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से गरीबी की बेड़ियों को तोड़कर स्वावलंबन का एक नया इतिहास रचा है। बस्तर के विकासखंड दरभा अंतर्गत ग्राम लेंड्रा की निवासी राजकुमारी कश्यप की जीवन यात्रा संघर्ष और आत्मविश्वास का एक जीवंत उदाहरण है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पहले राजकुमारी का जीवन अनिश्चितताओं से भरा था। उनके पास कोई स्थायी रोजगार नहीं था और वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए खेतों में मजदूरी करने या जंगलों से प्राप्त वनोपज एवं अन्य संसाधनों पर निर्भर थीं। उस दौर में वे न केवल गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं।

राजकुमारी के जीवन में बदलाव की शुरुआत बिहान योजना के माध्यम से हुई, जब वे वर्ष 2015



में सूरजमुखी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से मिलने वाले प्रशिक्षणों ने न केवल उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा जगाई, बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं के खिलाफ मुखर होना भी सिखाया। धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने पशुपालन, चूजा ब्रुडिंग इकाई तथा राशन दुकान के संचालन जैसे विविध व्यवसायों को अपनी आजीविका के रूप में अपनाया। आज वे एक कुशल पशुपालन उद्यमी के रूप में न केवल अपने ब्लॉक, बल्कि अन्य विकासखंडों में भी चूजों की सप्लाई और पशुओं के टीकाकरण का कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं। राजकुमारी दीदी की यह उद्यमशीलता उनके जीवन में एक बड़ी क्रांति लेकर आई है। कभी दूसरों के घर मजदूरी करने वाली राजकुमारी की आय 11 वर्षों के भीतर साढ़े तीन लाख से चार लाख रुपए तक पहुँच गई है, जिससे उनके परिवार का जीवन स्तर पूरी तरह बदल गया है। कभी मिट्टी के घर में रहने वाली राजकुमारी दीदी ने अब अपना पक्का घर बना लिया है और उनके पास खेती के लिए ट्रैक्टर, दो मोटरसाइकिल तथा एक चार पहिया कार भी है। आर्थिक रूप से समृद्ध होने के साथ-साथ उन्होंने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाई और अपनी सामाजिक पहचान भी बनाई। वर्तमान में वे संकुल संगठन की अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। अब उनका लक्ष्य अपनी खुद की हैचरी (मदर यूनिट) स्थापित करना है, ताकि वे अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तार दे सकें।

### बस्तर में जनजातीय सशक्तिकरण की नई लहर

जगदलपुर, 12 मार्च, । बस्तर के जनजातीय क्षेत्रों में आर्थिक स्वावलंबन और स्थानीय कौशल को बढ़ावा देने के लिए आज जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित जगदलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य केंद्र संसदीय संकुल विकास परियोजना रहा, जिसके माध्यम से स्थानीय जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को उनकी रुचि और कौशल के आधार पर उनके ही गांव या क्लस्टर में रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### विश्व प्लंबर दिवस मनाया गया

**कांकेर, 11 मार्च ।** विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्लंबिंग से जुड़े कौशल, स्वच्छता और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को प्लंबिंग कार्य की उपयोगिता, हैंडपंप की मरम्मत, क्लोरीनेटर मशीन, पाइपलाइन मरम्मत कार्य, रोजगार के अवसर और सुरक्षित कार्य पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्लंबर के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देना और युवाओं को कौशल आधारित रोजगार के लिए प्रेरित करना था। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस दिवस को सफल बनाया।

# बस्तर के नन्हे वैज्ञानिकों ने रायपुर की शैक्षणिक यात्रा में जाना भविष्य का छत्तीसगढ़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 मार्च ।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025-26 के अंतर्गत बस्तर जिले के सात विकासखंडों से चयनित 10 मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण नई ऊर्जा और सीख के साथ संपन्न हुआ। पिछले दिनों आयोजित इस यात्रा के माध्यम से प्रशासन ने बच्चों को विज्ञान, पर्यावरण, इतिहास और आधुनिक विकास की व्यावहारिक जानकारी देने का एक सराहनीय प्रयास किया। इस भ्रमण की शुरुआत छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र रायपुर से हुई, जहाँ बच्चों ने विज्ञान के गूढ़ सिद्धांतों को सरल मॉडलों और प्रयोगों के माध्यम से बेहद रोचक तरीके से समझा। इसी दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर एवं नोडल ऑफिसर डॉ. अमित राम से संवाद करने का अवसर मिला, जिन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बस्तर के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और यदि वे लक्ष्य तय कर मेहनत और जिज्ञासा के साथ आगे बढ़ें, तो विज्ञान के क्षेत्र में सफलता अवश्य मिलेगी।



वैज्ञानिक समझ विकसित करने के बाद विद्यार्थियों ने जंगल सफारी रायपुर का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को करीब से महसूस किया। यात्रा का अगला पड़ाव नया रायपुर का जनजातीय संग्रहालय और पुरखौती मुक्तांगन रहा, जहाँ बच्चों ने आदिवासी संस्कृति, परंपरा और प्रदेश की समृद्ध लोककला एवं ग्रामीण जीवन की झलक देखी। आधुनिक छत्तीसगढ़ की भव्यता को समझने के लिए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और नया रायपुर की औद्योगिक बसाहट का अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन की जानकारी मिली। इसके साथ ही रायपुर शहर के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को समझाने के उद्देश्य से उन्हें घड़ी चैक, जय स्तंभ चैक, पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा क्षेत्र और डीकेएस अस्पताल जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया।यह संपूर्ण आयोजन जिला कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल तथा जिला मिशन समन्वयक श्री अशोक पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में शिक्षक मनीष कुमार अहीर एवं राहुल बघेल ने बच्चों का निरंतर सहयोग किया। उत्साहपूर्वक इस भ्रमण में भाग लेकर विद्यार्थियों ने न केवल अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी समझ को भी और अधिक मजबूत किया। कुल मिलाकर इस शैक्षणिक भ्रमण ने बच्चों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान किया।

### कलेक्टर ने निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को निरीक्षण किया और कहा

# जून तक पूर्ण होगा नालंदा परिसर, नए शैक्षणिक सत्र से मिलेगी आधुनिक अध्ययन की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 मार्च।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज नगर पालिक निगम रायगढ़ क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा, खेल तथा शहरी अधोसंरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने नालंदा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि नालंदा परिसर का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्य को तेज गति से पूरा करते हुए आगामी जून माह से पहले परिसर को पूरी तरह तैयार किया जाए, ताकि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही



विद्यार्थियों को इस आधुनिक एवं सुविधायुक्त परिसर का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर के बनने से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा और शिक्षा के क्षेत्र में जिले को नई सुविधा प्राप्त होगी।कलेक्टर ने रायगढ़ स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। यहां बनाए जा रहे स्विमिंग पूल और सिंथेटिक ट्रैक की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन दोनों परियोजनाओं को दो माह के भीतर पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की। कलेक्टर ने कहा कि इन सुविधाओं के तैयार होने से खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास स्थल मिलेगा और जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा

जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने शहर के प्रमुख स्थल मरीन ड्राइव में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम और संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को एक बेहतर और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चक्रधर नगर पुल के समीप चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्सन बनाने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके। साथ ही पुल के निचले हिस्से में बॉक्स कलवर्ट निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित महिला हॉस्टल और ट्रांजिट हॉस्टल के लिए चयनित स्थलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के निर्माण से महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंदों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी और समीक्षा की जाएगी, ताकि सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में पूर्ण हों और शहरवासियों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल तक

**रायगढ़, 12 मार्च।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक व स्टोरकीपर, ट्रैडमैन-दसवीं उत्तीर्ण, ट्रैडमैन आठवीं उत्तीर्ण, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते है।

### बिजली बिल व सरचार्ज में छूट का स्वागत

**रायपुर, 12 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा, तथा महामंत्री किशोर आहूजा ने बिजली बिल व सरचार्ज में छूट के लिए घोषित योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है. आहूजा ने कहा है कि सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट व मूल बिल में 75 प्रतिशत की छूट एकलबत्ती कनेक्शन धारियों व किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। योजना में मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा करा कर पंजीयन कराया जा सकता है। शेष राशि किस्तों में जमा करना है। योजना 30 जून तक लागू है। आहूजा ने कहा कि साय किसानों व एकल बत्ती कनेक्शन धारियों के हितैषी हैं। आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय बेहद संवेदनशील हैं। उन्हें समाज के हर वर्ग का ख्याल है। वे जनसमस्याओं का सतत निराकरण कर विकास कार्यों के माध्यम से आम लोगों की जरुरतों को पूरा कर रहे हैं।



### अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश, राजस्व बढ़ाने पर जोर

**महासमुंद, 12 मार्च** । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में आबकारी अधिकारी श्री सुनील सूर्यवंशी द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष फरवरी तक 211 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 291 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है । इसे और बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्री लंगेह ने उड़ीसा एवं अन्य प्रांतों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री पर भी कठोर कार्रवाई करने को कहा।उन्होंने हाइवे किनारे संचालित होटल-ढाबों की नियमित जांच करने तथा अवैध चखना सेंटरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 मार्च।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति बनाए रखने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज रायगढ़ शहर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया।

एसडीएम रायगढ़ श्री महेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटलों, ढाबों और भोजनालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान आमंत्रण होटल, तुलसी होटल, राजस्थानी भोजनालय, गणगौर स्वीट्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के उपयोग की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच के दौरान



अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडरों के निर्धारित उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू आवश्यकताओं के लिए ही किया जाना निर्धारित है। किसी भी प्रकार से इसका व्यवसायिक उपयोग या दुरुपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को केवल व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान टीम ने गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही आपूर्ति व्यवस्था तथा सिलेंडरों की उपलब्धता की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की दैनिक आवक एवं वितरण पर नियमित निगरानी रखी जाए, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा यह भी कहा गया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य है और आम नागरिकों को घबराने या अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर संग्रहित करने की आवश्यकता नहीं है। नागरिकों को समय-समय पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से गैस की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए आगे भी इस प्रकार के संयुक्त निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे। इसके माध्यम से न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, बल्कि आम उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस की सुचारू उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

### काउंसिलिंग सह पंजीयन 13 मार्च को

**धमतरी, 12 मार्च** । जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों में नलजल मित्र कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित पात्र युवाओं को बहु-कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने लाईवलीहुड कॉलेज में जल वितरण संचालक में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 13 मार्च को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से ऐसे चिन्हित पात्र युवाओं, जिनका नलजल कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन युवाओं को 13 मार्च 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें,

# रायगढ़ की 1583 छात्राओं को मिलेगा सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा कवच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 मार्च।** रायगढ़ जिले के शासकीय आश्रमों और छात्रावासों में निवासरत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 26 लाख 60 हजार 400 रुपये की राशि स्वीकृत की है।

इस योजना के अंतर्गत जिले के दूरस्थ क्षेत्रों उदयपुर-धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, तमनार, कापू और लैलूंगा विकासखंड के आश्रम एवं छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं का टीकाकरण किया जाएगा। इन क्षेत्रों की 31 से अधिक ग्राम पंचायतों की कुल 1583 बालिकाएं इस अभियान से लाभान्वित होंगी। इनमें बड़ी संख्या आदिवासी समुदाय की छात्राओं की है, जो दूरस्थ अंचलों से आकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस होता है। कम आयु में इस वैक्सीन के लगाए जाने से इस गंभीर बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। योजना के तहत प्रति बालिका लगभग 1800 रुपये की लागत आएगी, जिसका पूरा व्यय शासन द्वारा वहन किया जाएगा। टीकाकरण कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक छात्रा को वैक्सीन की दो खुराक दी जाएगी, जिसमें पहली डोज के छह माह बाद दूसरी डोज लगाई जाएगी। जिला प्रशासन की यह पहल छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बालिकाओं को गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिलने के साथ उनके सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की नींव मजबूत होगी।

# विकलांगता नहीं बनी बाधा: हीरामोती नाग बनीं 'लखपति दीदी' और आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 मार्च।** दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर इंसान हर चुनौती को पार कर सकता है। इसका प्रेरक उदाहरण हैं विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम बांझीआमा, ग्राम पंचायत समनिया की निवासी हीरामोती नाग। बचपन में पोलियो होने के कारण वे पैरों से दिव्यांग हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। आज वे स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गई हैं और 'लखपति दीदी' की श्रेणी में पहुंचकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

हीरामोती नाग श्री महिला स्व-सहायता समूह, बांझीआमा से जुड़ी हुई हैं।



समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका के नए अवसर मिले। समूह के माध्यम से उन्हें सामुदायिक निवेश निधि से 20 हजार रुपये तथा बैंक से 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने स्वरोजगार को शुरू करने में किया। हीरामोती नाग ने इस सहायता से सिलाई मशीन खरीदकर सिलाई कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने गांव की महिलाओं और बच्चों के कपड़े सिलने का काम शुरू किया। उनके काम की गुणवत्ता और मेहनत के कारण गांव में उनकी अच्छी पहचान बनने लगी और आय में भी लगातार वृद्धि होने लगी।

आज हीरामोती नाग अपने सिलाई कार्य से नियमित आय अर्जित कर रही हैं। उनकी मेहनत और लगन के परिणामस्वरूप वे 'लखपति दीदी' की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। अपनी आय से वे न केवल अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि आत्म सम्मान के साथ जीवन भी जी रही हैं। हीरामोती नाग की सफलता यह साबित करती है कि यदि अवसर और संकल्प दोनों साथ हों, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। उनकी यह प्रेरणादायक यात्रा आज गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कर रही है।

# सिरामिक उत्सव से कुरुद को मिली विशेष पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद,12 मार्च।** कल्पना कीजिए एक तरफ 10 वर्षों से अटूट आस्था के साथ मनाया जा रहा प्राचीन राम मंदिर का भव्य वसंतोत्सव, जहाँ नगाड़ों की थाप आसमान गुंजा देती है। दूसरी तरफ, उसी गूँज के बीच पिछले 7 वर्षों से गांधी चौक पर मिट्टी को नया जीवन देते देश भर के दिग्गज शिल्पकार। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कुरुद की गलियों में बहती कला और भक्ति की एक सांस्कृतिक त्रिवेणी है। हीरा सिरामिक फाउंडेशन और आयुष सेवा संस्थान के इस साझा सिरामिक उत्सव 2026 ने कुरुद को आज देश के कला मानचित्र पर एक चमकते सितारे की तरह स्थापित कर दिया है।

**नगाड़ों की गूँज और चाक की सरसराहट-** जब झूम उठी संस्कृति

उत्सव के पहले ही दिन का दृश्य किसी दैवीय अनुभव जैसा था। उत्सव का चरमोत्कर्ष तब देखने को मिला जब प्राचीन



राम मंदिर परिसर में 10वें वसंतोत्सव के नगाड़े गूंजे और वहां मौजूद देश भर के कलाकार खुद को रोक नहीं पाए और जमकर थिरके। नगाड़ों की उस जादुई थाप और कलाकारों के नृत्य ने मंदिर प्रांगण में एक ऐसी ऊर्जा भर दी कि वहां मौजूद आम जन भी झूम उठे। उत्साह के बीच गांधी चौक पर मिट्टी ने भी नया आकार लेना शुरू किया, मानो संगीत और शिल्प एक-दूसरे में विलीन हो रहे हों।

**तीन पीढ़ियों का हुनर-**कुरुद में लघु भारत इस उत्सव में भारत की तीन पीढ़ियों के कलाकारों ने हिस्सा लेकर कुरुद को एक लघु भारत बना दिया।

**दिग्गज कलाकार-**वडोदरा के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कृष्ण पडिया के संयोजन ने इस कार्यशाला को नई ऊंचाई दी। उन्होंने अगले वर्ष इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का संकल्प लिया।

**प्रमुख उपस्थिति-** गुजरात से सुश्री खुशी पटेल, एमपी से दिव्या पोरवाल, और छत्तीसगढ़ के गौरव प्रो. शीबा प्रसाद चौधरी सहित मोहनलाल बराल, अनंत साहू, डॉ. छोन्द्र उसेंडी और संदीप किंडो जैसे सितारों ने यहाँ सृजन का नया इतिहास लिखा।

**नगाड़ा उत्सव -** परंपरा को सलाम

इस कार्यशाला को नगाड़ा उत्सव का नाम इसलिए दिया गया ताकि कला के आधुनिक रूपों के बीच हमारी लोक-परंपराएं कहीं खो न जाएं। समापन समारोह के दौरान आयुष सेवा संस्थान के निदेशक अखिलेश वैष्णव ने कलाकारों की कृतियों को देखकर कहा कि यह मेहनत कुरुद के गौरव को सात समंदर पार ले जाएगी।

**भविष्य की बड़ी तैयारी-**कुरुद के युवा नेता और स्वयं एक शिल्पकार रविकांत चंद्राकर ने इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एक क्रांतिकारी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में सिरामिक के साथ-साथ पत्थर, धातु और लकड़ी के शिल्प की विशाल कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी, ताकि कुरुद हर प्रकार की शिल्प कला का केंद्र बन सके।

# केसीपीएस कुरूद में मनाया गया ग्रेजुएशन-डे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद,12 मार्च।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम रखा गया।प्रतिवर्ष प्री प्राइमरी विभाग में होने वाले इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय को पूरी भव्यता के साथ सजाया गया और नन्हे-मुन्हें बच्चों की मीठी मुस्कान और उनकी प्रतिभा के इस दीक्षांत समारोह ने इस कार्यक्रम की रौनकता में चार चांद लगा दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के उपप्राचार्य परमानंद डनसना रहे।

बुधवार को हुए इस आयोजन की विधिवत शुरुआत ज्ञानदायनी मां सरस्वती की पूजा आराधना से हुई । उसके उपरांत यूकेजी के बच्चों जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से अपने टेलेंट को प्रस्तुत किया उन्हे क्रमानुसार विश्वविद्यालयों में होने वाले ग्रेजुएशन डे के तहत पारंपरिक परिधान में सर्टिफिकेट देते हुए इस कार्यक्रम को मोहक बनाया गया। इन कक्षाओं के बच्चों इस पारंपरिक परिधान में सबका मन मोह रहे थे और उनके पालकों की उपस्थिति के साथ इस समारोह ने इस यादगार पल को और खास बना दिया। बच्चो ने इस दौरान अपने अनुभव साझा किए और इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अपने शिक्षकों का विशेष आभार जताया।इसके साथ ही सभी पेरेंट्स विद्यालय के इस भव्य आयोजन की तारीफ की।

प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमारे विद्यालय की प्रतिभाएं अपने सुनहरे भविष्य की नींव को मजबूत कर रही है।उनका आने वाला कल उनकी मेहनत और जज्बे के साथ आगे उनमें एक नए उत्साह का संचार करेगी।सभी पालकों को इस आयोजन में शामिल होने के लिए मै उनका आभार जताती हु और सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट करती हूं।कार्यक्रम में संचालन करण सिन्हा और तेजस्वी बैरागी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने प्री प्राइमरी विभाग की सुभ्रा हिशिकर , उमा बैस , कांति बैस , आलिया नाज , देहुती ध्रुव ,सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा।

### पी.एम. अभ्युदय (अजय) योजना में आवेदन पत्र 16 मार्च तक

**धमतरी 12 मार्च ।** छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एव विकास निगम रायपुर द्वारा जिला धमतरी के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रधान मंत्री (अजय) अभ्युदय योजना में 218 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। उक्त योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से रू. 1,00,000/- (एक लाख न्यूनतम) तक ऋण तथा अनुदान राशि रू. 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम अनुदान से 50,000/- विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करने के लिए दिए जाने का प्रावधान है।

# खाद्य विभाग की टीम ने होटलों-ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच की



**महासमुंद, 11 मार्च ।** संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा आज महासमुंद नगर के होटलों और ढाबों में औचक निरीक्षण किया गया।

खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि टीम द्वारा नगर में संचालित विभिन्न होटल, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान सोनी मिष्ठान भंडार से 10, नेमी भोजनालय से 5, सीमांचल होटल से 5, आरोग्य अमृततुल्य चाय सेंटर से 2, प्रांजल इडली सेंटर से 2, पिज्जा गेलेरी से 1, अमय डोसा सेंटर से 1, टेस्ट ऑफ पंजाब रेस्टोरेंट से 1, चाय एंड चिल रेस्टोरेंट से 1 तथा एस सेंडविच सेंटर से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। जब्त किए गए सिलेंडरों के संबंध में प्रकरण कलेक्टर न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया जाएगा। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी श्री हरीश सोनेश्वरी, श्री मनीष यादव तथा खाद्य निरीक्षक श्री सुशील शर्मा, श्री अविनाश दुबे और श्री दिव्यांशु देवांगन शामिल थे। खाद्य विभाग द्वारा सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे ईंधन के रूप में केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें। विभाग द्वारा होटलों और ढाबों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भखारा में स्ट्रीट लाइट के लिए 73.58 लाख रुपए की स्वीकृति

### अब और भी जगमग होगा नगर, नागरिकों ने जताया हर्ष

**अंवरी, 12 मार्च।** अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत नगर पंचायत भखारा में आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए 73 लाख 58 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर मिली इस स्वीकृति से नगर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

**प्रमुख मार्गों व वार्डों में लगेंगे ऑक्टागोनल पोपो-** स्वीकृत राशि से नगर पंचायत भखारा के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों पर ऑक्टागोनल स्ट्रीट पोल और आधुनिक एलईडी लाइटें स्थापित की जाएंगी। इससे नगर में रात के समय प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होगी और नागरिकों को



आवागमन में सुविधा मिलेगी।

**सुरक्षा और सुंदरता दोनों में होगा सुधार-**नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था लागू होने से सड़कों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त रोशनी रहेगी। इससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी तथा असामाजिक गतिविधियों पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। साथ ही नगर की सुंदरता और आधुनिक स्वरूप भी निखरेगा।नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने कहा कि यह स्वीकृति नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगने से नगर में और भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था होगी और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए अध्यक्ष और टीम ने अपने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है।

स्ट्रीट लाइट स्थापना की स्वीकृति मिलने से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में खुशी का माहौल है। नागरिकों ने इसे नगर के विकास और सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# ग्राम पंचायत कुसुमकसा में एक साथ 40 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 12 मार्च।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा का दिन स्वर्णिम भरा रहा एक साथ 40 लाख रुपए की लागत का भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो भाजपा महामंत्री सौरभ लूनिया रहे सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर जनपद निधि से स्वीकृति कला 2 लाख पचास हजार रुपए की लागत से बनने वाले कला मंच का भूमिपूजन जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस के हाथों सम्पन्न हुआ पूरे मोहल्ले वासी अभिभूत थे वर्षों पुरानी मांग को जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस पूरा किया वार्ड पंच पंकज जेठवानी ने बताया कि मेरे वार्ड की सबसे बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए मै जनपद सदस्य जी का आभार व्यक्त करता हु ग्राम पंचायत कुसुमकसा के समरसता भवन के पास जिला खनिज न्यास निधि का भूमिपूजन भाजपा जिला मंत्री सौरभ लूनिया के हाथों 20 लाख रुपए की लागत से सम्पन्न हुआ यही वार्ड 8 में 6 लाख रुपए की सीसी रोड का भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो जी के हाथों सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि सौरभ लूनिया ने कहा कि जब से प्रदेश में विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार बनी है तब से हमारे क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है भाजपा सरकार में कुसुमकसा के विकास की कमी नहीं होगी हम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर



बेहतर कुसुमकसा बनाएंगे जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि वास्तव में प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही विकास को गति मिला है जिसका परिणाम आज हम लाखों रुपए का विकास कार्य कुसुमकसा में कर रहे है और मेरे लिए सौभाग्य की बात है मुझे कुसुम कसा के विकास में सहभागिता निभाने का भी मौका मिल रहा है जनपद परिवार में आपके द्वारा चुने हुए जनपद सदस्य हम सबके नेता मंजू बैंस जो कि इस क्षेत्र की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहते है और अपने जनपद की निधि का पहला स्वीकृति राशि इस कला मंच को मिला है उनका कहना था इस मंच पर विघ्नहर्ता और दुर्गा विराजते है उनके दिव्य स्थान को उचित बनाकर मोहल्ले को समर्पित करना है

इस अवसर पर सरपंच वेद बाई पिस्दा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, उप सरपंच नितिन जैन, शाहिस्ता बेगम, ज्योति यादव, संतोष जैन, सुगरा बेगम, हेम लाल, कोमल सिंह हिड़को, निर्मला जगनायक, सीता बाई, चुरेंद्र कुमारी मंडावी, चित्ररेखा मरकाम, खेमिन निर्मलकर, कन्हैया भैंसारे, मोहन हिड़को, फूल सिंग पोटाई, योगी साहू सहित गांव के गणमान्य जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन और आभार ग्राम पंचायत के सचिव सुखित भूआर्य ने किया।

## समाचार संक्षेप

सासाहोली चौक पर सड़क हादसा

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 12 मार्च।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र के सासाहोली चौक में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम टंडवा निवासी युवक के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं दुर्घटना में शामिल ट्रेलर वाहन को पुलिस ने जप्त कर लिया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## एक नजर

### प्लम्बर दिवस में ऑपरेटर और प्लम्बरों को किया गया सम्मानित



**बलौदाबाजार, 12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्लम्बर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्लम्बरों एवं पंप ऑपरेटरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप अभियंता कली राम पैकरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में प्लम्बर एवं पंप ऑपरेटरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने में इनका विशेष योगदान है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए प्रशिक्षित प्लम्बर एवं पंप ऑपरेटरों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें जल स्त्रोतों के संरक्षण, पाइपलाइन के रख-रखाव एवं जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया तथा सभी उपस्थित लोगों से जल के समुचित उपयोग और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

### संपर्क केंद्र की संवेदनशीलता से शैल कुमारी को त्वरित मिला तीन माह का लंबित मानदेय



**बलौदाबाजार, 12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा जन-समस्याओं के त्वरित निराकरण की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है, जहाँ संपर्क केंद्र के माध्यम से एक आवेदिका को उनके लंबे समय से रुके हुए मानदेय का भुगतान सुनिश्चित कराया गया। भाटापारा तहसील के नया गंज वार्ड निवासी शैल कुमारी यादव ने विशेष कोचिंग योजना के अंतर्गत शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में सत्र 2022-23 के दौरान सेवाएं दी थीं। उन्होंने दिसंबर से फरवरी तक कुल तीन माह की कोचिंग प्रदान की थी, जिसका 6, 000 रुपये का मानदेय उन्हें प्राप्त नहीं हुआ था। इस संबंध में उन्होंने 06 मार्च 2026 को संपर्क केंद्र में आवेदन क्रमांक 738 के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।आवेदिका की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया गया और मामले का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 11 मार्च को शैल कुमारी यादव को उनके बकाया मानदेय के रूप में 6, 000 रुपये का चेक प्रदान कर दिया गया है। अपनी समस्या का समाधान होने और प्रशासन की संवेदनशीलता को देखते हुए आवेदिका ने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। यह कार्रवाई शासन की जनता के प्रति जवाबदेही और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# शहर में भारी वाहनों के आने-जाने से बढ़ा प्रदूषण,आम आदमी परेशान

### कानून को नजरअंदाज कर भारी वाहनों की बेरोकटोक आवाजाह के दिखने लगे गंभीर प्रमाण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ के राइस मिल ओर बढ़ते औद्योगिक क्षेत्र जहां पावर हब अडानी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट सहित अनेक ऐसे उद्योगों के होने के बाद भी इस नगर की बढ़ती आबादी ओर स्कड़ी सड़के आज नगर की सुंदरता पर ग्रहण लगा रही है कारण जैसे जैसे उद्योग बढ़ रहे है वैसे वैसे

तिल्दा-नेवरा शहर में इन दिनों भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन ने आम जनता की नाक में दम कर रखा है। शहर की मुख्य सड़कों पर दिन-रात दौड़ते भारी ट्रकों और डंपरों के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि इससे उठने वाली धूल और धुआं अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।



#### प्रदूषण का स्तर

भारी वाहनों से निकलने वाले धुएं और उड़ती धूल की वजह से शहर की हवा जहरीली होती जा रही है। स्थानीय लोगों में सांस की तकलीफ और आंखों में जलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

#### सड़कों की जर्जर हालत

क्षमता से अधिक वजन वाले वाहनों के लगातार चलने से शहर की सड़कें जगह-जगह से उखड़ रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

#### जाम की स्थिति

स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है।

**प्रभाव :** सड़कों के किनारे रहने वाले रहवासी और छोटे दुकानदार सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। धूल की मोटी परत घरों और दुकानों के भीतर तक जम रही है।

**मांग**-नागरिकों की मांग है कि भारी वाहनों के प्रवेश के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जाए या शहर के बाहर से बायपास मार्ग को सुचारू किया जाए। यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो प्रदूषण और अव्यवस्था का यह स्तर जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

**सुधार की गुंजाइश :** पिछले दिनों नगर पालिका अध्यक्ष ने पालिका में नगर के नागरिक अधिकारियों की बैठक बुलाई बैठक में चर्चा हुई समिति भी बन गई अब तो पालिका परिषद को नगर की यातायात को सुधारने की आवश्यकता है।

#### रोज मरते हैं लोग खूनी रफ्तार वाले बड़े वाहनों से

आस पास उद्योगों में सामान कोयला सहित अन्य कच्चे मैट्रियल के लिय प्रतिस्पर्धा में चलने वाले बड़े बड़े ट्राला नगर को मौत के लिय चुन लिया है नगर सीमा में खूनी रफ्तार से चलने वाले रेक पाइंट हो या फिर अन्य बड़े वाहनों ने तिल्दा नेवरा शहर की कोई सड़क नहीं छोड़ी जिसे खून के छींटे न लगे हो।

#### बड़े बड़े राजनीतिज्ञों के हैं बड़े-बड़े वाहन

तिल्दा नेवरा की जनता ओर इन सड़को से आना जाना करने वाले ग्रामीणों की जिंदगी का कोई महत्व नहीं है सरकारी तंत्र मजबूर है अत्यधिक भारी वाहनों की तेज रफ्तार के खिलाफ कोई कार्य वाही करने में हाथ काँप रहे है कारण ये कंपनियों में चलने वाले बड़े वाहन उन लोगों के जो राजनीति के बल पर रोज गरीबों का शोषण कर रहे है।

### प्रदेश में अफीम की खेती होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : भूपेश बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 12 मार्च।** पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा के निवास मंगलम में अपने पारिवारिक एवं निजी कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा की राज्य में अफीम की खेती होना प्रदेश के युवाओ के भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जाना प्रतीत होता है आज के युवाओं को नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना होगा अन्यथा इस सत्तासीन सरकार में जिस तरह से नशा को बढ़ावा दिया जा रहा है यह अत्यंत सोचनीय विषय है।

सुशील शर्मा की माता स्व. दशोदा देवी शर्मा को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने भूपेश बघेल के साथ धमतरी विधायक ओंकार साहू, क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव , सुरेंद्र शर्मा, विधाभूषण शुक्ल, रुपेश ठाकुर, राकेश वर्मा बलौदाबाज़ार, सुरेश वर्मा, राम गिडलानी, रोशन हबलानी, अरुण यादव, सचिन शर्मा, संतोष सोनी, रमेश धृतलहरे, रेवा परपयानी, त्रिलोक सलूजा, नरेश शर्मा, सत्यनारायण जोशी सतीश पांडेय, अमर मिश्रा लवन, गेंद राम साहू, अजय ठाकुर, ओमप्रकाश खूंटे, मलिक राम साहू, अजयकांत शुक्ला, नितिन शुक्ला, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, मोहन निषाद, विजय साहू, अशोक यादव, पुनीत मानिकपुरी, आयुब बठिया, ओमप्रकाश यदु, कोमल साहू, सुंदर साहू मंडल अध्यक्ष, परमेश्वर वर्मा, गंगा जायसवाल, विजय निषाद, लुकेश यदु, पीलाराम पाल, चुरावन छत्रीय, मंतराम यदु, प्रदीप केसरवानी, अनिल गुप्ता, गिरिराज चावड़ा सहित सेकडो कांग्रेस कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

### भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**बलौदाबाजार, 12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिले में स्काउटिंग की प्रगति के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।कलेक्टर शर्मा ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की संचालन, गतिविधियों सहित कार्यक्रमो की जानकारी ली और विस्तार के सम्बन्ध में भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, लीडर ट्रैनर के आर कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## बैठक में 20 पंचायतों के पीएम आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 12 मार्च।** ग्राम पंचायत अवारी कलस्टर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्षता में 20 पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं नोडल अधिकारी बैठक हुये प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासो के निर्माण कार्यो में तेजी लाने एवं शेष आवासो को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अप्रारंभ आवासों को जल्द शुरू करने तथा निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही द्वितीय किश्त प्राप्त हितग्राहियो का आवास 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने को कहा गया। वित्तीय वर्ष 2024-26 तक के अपूर्ण आवासो को 30 मार्च तक शतप्रतिशत पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। सभी पूर्ण कराये जाने वाले आवासो को गुणवत्तायुक्त आवास बनाने हेतु





निर्देश दिए साथ ही पूर्ण आवासो में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए तथा आवास निर्माण में रूचि नहीं लेने वाले एवं राशि दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों पर कार्यवाही की जाएगी तथा पंचायतों को आवश्यक सामग्री उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। उक्त समीक्षा बैठक में, विकास विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड समन्वयक (प्रमंआयोग्रा), तकनीकी सहायक आवास नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाटापारा में विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से करोड़ों की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 12 मार्च।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद को विकास कार्यों के लिए बड़ी सौगात दी गई है। अधोसंरचना मद के अंतर्गत नगर के सर्वांगीण विकास हेतु करोड़ों रुपयों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।



**महत्वपूर्ण स्वीकृतियां:** हाल ही में जारी आदेशों के अनुसार, भाटापारा नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न चरणों में अनुदान राशि स्वीकृत की गई है: 47 विकास कार्यों हेतु: 350.32 लाख रुपये की स्वीकृति। 08 नए विकास कार्यों हेतु: 275.00 लाख रुपये की ताज़ा स्वीकृति। इससे पूर्व भी अधोसंरचना मद के तहत 500.00 लाख रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई थी।

अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रदेश के नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाटापारा की जनता की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह उदारता दिखाई है।

अश्वनी शर्मा ने विशेष रूप से वरिष्ठ नेताओं विष्णु देव साय मुख्यमंत्री, अरुण साव (उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल (सांसद) - शिवरतन शर्मा (पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रयासों के कारण ही ये विकास कार्य धरातल पर उतर रहे हैं के प्रति कृतज्ञता प्रगट की है

**विकास का संकल्प:** अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विश्वास दिलाया कि स्वीकृत राशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा, ताकि भाटापारा नगर के नागरिकों को बेहतर सड़कें, बिजली और अन्य नागरिक सुविधाएं मिल सकें। नगर का विकास हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। मेरा सभी नागरिकों से विनम्र अनुरोध है कि नगर पालिका से संबंधित अपने सभी करों का भुगतान समय पर करें, ताकि विकास की यह गति निरंतर बनी रहे। साथ ही, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए 'डोर-टू-डोर' कचरा कलेक्शन गाड़ी में ही कचरा डालें और स्वच्छता मित्रों का सहयोग करे।

**कलेक्टर ने ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों के दिये निर्देश**

# सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित करें



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जिले से अधिक से अधिक युवाओं को आवेदन हेतु प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को आईटीआई, पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियो की ऑनलाइन बैठक लेकर अग्नि वीर भर्ती के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं महाविद्यालयों में अग्निवीर भर्ती की व्यापक प्रचार- प्रसार के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने की भी व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा के अगले 21 दिन क लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन हेतु समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये बीईओ व बीआरसी के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित कर फॉर्म भरवाएं। उन्होंने एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट को भी इस भर्ती की पर्याप्त जानकारी देने कहा। बताया गया कि भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अग्निवीर भर्ती एवं आवेदन की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है। सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 1अप्रेल 2026 तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोपकीपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 से 10 जून के मध्य आयोजित होने की संभावना है।उम्मीदवार किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था हेतु बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के घरेलु एलपीज़ी गैस वितरकों के साथ बैठक कर जिले में रसोई गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि सभी एजेंसियो में उपभोक्ताओं सामन्य रूप से व प्रचलित मूल्य पर एलपीज़ी गैस उपलब्ध कराएं। कहीं पर भी एजेंसी के द्वारा शॉर्टेज की स्थिति निर्मित न हो। कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वितरक एलपीज़ी भण्डारण एवं वितरण की पंजी संधारित करें और विभागीय अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कामर्शियल एलपीजी के लिये उचित समन्वय स्थापित कर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**एक नजर**

## मां और शिशु का स्वस्थ भविष्य ही समृद्ध छग की मजबूत नींव: सीएम

**रायपुर, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश की माताओं के स्वास्थ्य,



पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन में बड़े राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर तथा 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान का रिकॉर्ड दर्ज किया है। यह उपलब्धि राज्य में योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। मुख्यमंत्री साय ने इस सफलता का श्रेय महिला एवं बाल विकास विभाग की पूरी टीम और समर्पित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि इनके अथक प्रयासों से प्रदेश की लाखों गर्भवती माताओं तक योजना का लाभ समय पर पहुँच रहा है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मां और शिशु का स्वस्थ भविष्य ही समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है और राज्य सरकार मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**रायपुर, 12 मार्च।** आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 14 मार्च 2026 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2026 की पहली लोक अदालत होगी। लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

# हाउसिंग बोर्ड हुआ कर्ज मुक्त, नवा रायपुर बनेगा एजुकेशन हब

**रायपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज वित्तमंत्री ओपी चौधरी के विभागों के अनुदान मांगों पर चर्चा हुई. वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, हाउसिंग बोर्ड 700 करोड़ के कर्ज में दबा हुआ था. आज कर्ज मुक्त हो गया है. 10-15 साल से बिके नहीं थे उसे बेचने का काम किया गया है. 210 करोड़ के 1400 मकान और दुकान बेचे गए. यब वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लाकर किया गया है. इससे हाउसिंग बोर्ड को फायदा हुआ है. हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट को डिमांड आधारित बनाने का काम किया गया है. 3 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है. 33 में से 27 जिलों में प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है.

वित्तमंत्री चौधरी ने कहा, पर्यावरण को लेकर भी सरकार चिंतित है. इस पर हम लगातार काम कर रहे हैं. फ्लाईएस का परिवहन हो, वायु प्रदूषण हो, इसे रोकने का काम किया गया है. उन्होंने कहा, नवा रायपुर को एजुकेशन हब के रूप में

### वित्त मंत्री के विभागों के अनुदान मांगों पर हुई चर्चा






विकसित किया जा रहा है. बीते 2 वर्षों में नवा रायपुर में तीन राष्ट्रीय स्तर के संस्थान खुलने वाला है. आज का दिन ऐतिहासिक रहा, क्योंकि आज स्टेट रीजन कैपिटल की पहली बैठक हुई. इसमें 11 एजेंडों पर चर्चा हुई है.

विपक्ष ने कहा -खरीदी की नीति में खामी, इसे सुधारना होगा

वित्त मंत्री के भाषण से पहले कांग्रेस विधायक ने कहा, धान खरीदी में अगर कोई किसान अपना धान नहीं बेच पाता तो इसके लिए पक्ष और विपक्ष हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है. विधानसभा में धान की बालियां प्रतीक के तौर पर लगाई गई है, लेकिन खरीदी की नीति में खामी हो तो यह गंभीर है, इसे सुधारना होगा. योजनाओं के निर्धारण में विपक्ष के विधायकों का भी सुझाव लिया जाना चाहिए.

**विपक्ष ने कहा छत्तीसगढ़ को ग्रीन बजट नहीं, ग्रीन जीडीपी की जरूरत :** विपक्ष ने कहा, विजन डॉक्यूमेंट बनाने में कितना खर्च आया था, यह सवाल लगाया गया था. इसके जवाब में बताया गया कि 9 करोड़ खर्च आया. जीएसटी में यूटर्न, जमीन गाइडलाइन में यूटर्न लिया गया. इससे पता चलता है कि नीति बनाते वक्त व्यापारियों, आम लोगों का ध्यान नहीं रखा गया. छत्तीसगढ़ को ग्रीन बजट नहीं, ग्रीन जीडीपी की आवश्यकता है. इस पर हम सबको काम करना होगा. नरवा-गरवा, घुरवा-बारी योजना का सत्ता पक्ष माखौल उड़ाता है, लेकिन यह सच्चाई है कि इससे छत्तीसगढ़ का ग्रीन कवर हुआ था. इसे आप लोग झुठला नहीं सकते. छत्तीसगढ़ में पर्यावरण की स्थिति चिंताजनक है. राजधानी रायपुर जैसे कई बड़े शहरों में हवा जहरीली होती जा रही है. पर्यावरण विभाग को इस पर एक कम्प्लीट रिपोर्ट बनानी चाहिए.

### नए विधायकों को जल्द मिलेगा आवास : ओपी चौधरी

मंत्री चौधरी ने कहा, जीएसटी 2.0 भारत में सबसे बड़ा रिफॉर्म है. देश में गब्बर सिंह टैक्स था 1 जुलाई 2017 तक. 1 जुलाई 2017 के बाद जीएसटी की व्यवस्था बदली है. पहले यूपीए की सरकार थी और ज्यादा टैक्स लगता था. पेट्रोल पर रजत जयंती के वर्ष के मौके पर राज्य की ओर से 1 रुपये की छूट दी गई है. धान खरीदी में वित्तीय भार 10 हजार करोड़ बढ़ा है. महतारी वंदन योजना से 8 करोड़ का वित्तीय भार बढ़ा. पीएम आवास योजना में भी वित्तीय भार बढ़ा है. 12 हजार करोड़ का आवास वित्तीय भार बढ़ेगा. वित्त मंत्री ने आगे कहा, नए विधायकों के लिए भी आवास की सुविधा होगी. जमीन का प्रकरण लंबित है. इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा.

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ में आज शराब का राजस्व बढ़कर 12 हजार करोड़ तक हो गया. पूर्व की सरकार में शराब का घोटाला हो गया था. जीएसटी में आज सबसे ज्यादा वसूली का काम हुआ है. यह सब ईमानदार वित्तमंत्री की वजह से हुआ है. उन्होंने कहा, विधायकों के लिए रियायती दर पर आवास दिया जाए. विशेषकर नए विधायकों के लिए यह व्यवस्था की जानी चाहिए.

**प्रदूषण बढ़ रहा, उद्योगों का विकेंद्रीकरण होना चाहिए :** धर्मजीत ने आगे कहा, गौण खनिज में कई जगहों पर चोरियां बढ़ गई है. इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. अवैध प्लाटिंग की भी शिकायतें आई है. इस पर कड़ा एक्शन लेने की जरूरत है. विधायक सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश में प्रदूषण बढ़ गया है. उद्योगों का विकेंद्रीकरण होना चाहिए. रायपुर केंद्रित हो गया है. रायपुर के घरों में काला धुआं जमा हो रहा है.

# छत्तीसगढ़ में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल का पूरा स्टॉक



**रायपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए आज मंत्रालय महानदी भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में संचालित सभी 5 एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इस अवसर पर संचालक खाद्य एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को राज्य में एलपीजी गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में ऑयल कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर वर्तमान में केवल विशेष अत्यावश्यक संस्थाओं, जैसे अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को ही सप्लाई किए जा रहे हैं। इस पर खाद्य सचिव रीना कंगाले ने निर्देशित किया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएँ चल रही हैं, इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं एवं छात्रावासों को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

बैठक के दौरान सचिव कंगाले ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर 15 प्रतिशत कमर्शियल सप्लाई होटलों आदि को भी दिए जाने पर विचार किया जाए, ताकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को भी सीमित स्तर पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही जिलों में एलपीजी गैस के दुरुपयोग तथा अवैध गैस रिफिलिंग की रोकथाम के लिए भी कड़े निर्देश दिए गए। इस संबंध में जिला प्रशासन को आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी को रोका जा सके। बैठक में राज्य में डीजल, पेट्रोल एवं सीएनजी गैस की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। ऑयल कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के तीनों डीजल-पेट्रोल डिपो में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। इस पर संचालक खाद्य एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि डीजल और पेट्रोल की दैनिक आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर भी नियमित निगरानी रखी जाए।

खाद्य सचिव कंगाले ने राज्य के उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है और इन पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कमी या शॉर्टेज नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेण्डर की आपूर्ति नियमानुसार नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क कर सकते हैं।

**भीड़**




रायपुर, 12 मार्च। राजधानी की गैस एजेंसियों में गैस की किल्लत की अफवाह से सामान्य दिनों की अपेक्षा उपभोक्ताओं की ज्यादा भीड़ नजर आ रही है।

# शिक्षा प्रचारक समिति ने मनाया होली मिलन



**रायपुर, 12 मार्च।** स्थानीय हीरापुर स्थित वामन राव लाखे स्कूल क्रमांक 2 में आज तीनों शैक्षणिक संस्थान महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय वामन स्कूल क्रमांक 1 एवं वामन राव लाखे स्कूल क्रमांक 2 एवं एस पी एस इंग्लिश स्कूल में 200 से अधिक प्राध्यापक, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी ने मिलकर फूलों का होली मिलन का कार्यक्रम रखा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि अल्प संसाधन में भी यह संस्थान गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों के परिवारों को उच्चतम शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं एवं वामन राव लाखे स्कूल क्रमांक 1अंग्रेजों के जमाने से ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं वर्तमान में समिति द्वारा लगभग प्रत्येक वर्ष 3000 बच्चों का अध्यापन का कार्य कराया जा रहा है यहां से पढ़ाई पूरा कर अनेक ऐसे छात्र-छात्र हैं जिन्होंने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपना सेवाएं प्रदान की एवं इस राज्य का नाम रोशन किया वही कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनिल तिवारी ने कहा कि यह संस्थान सभी प्रकार के बच्चों के लिए उच्च कोटि के सपनों को पूरा करती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि किसी भी निजी संस्थान को चलते हुए यदि 100 वर्ष पूरा हो गए हो तो निश्चित रूप से उनके द्वारा सामान्य उद्देश्यों को लेकर लोक कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार के कार्य किए गए होंगे यही इस बात का घोतक है कि सीमित संसाधन होने के बावजूद आज तक ऐसे संस्थान सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं कार्यक्रम का संचालन मैडम परमार ने किया एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मंजू साहू, आशा बोस,भारती मैंम व बड़ी संख्या में संस्थान के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# अनुशासन का सशक्त माध्यम है खेल स्पर्धाएं : कल्पना तिवारी

**रायपुर, 12 मार्च।** ग्राम लांटा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिससे पूरे मैदान में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया तथा कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजनों का विशेष महत्व है। इससे न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि वे शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास



विकसित करने का सशक्त साधन भी है उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल भारत की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह देखना अत्यंत सुखद है। कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण सरपंच चंद्रकला होरीलाल यादव, उपसरपंच राजेश परगनिहा, खिलावन निषाद पंच, त्रिवेणी यादव पंच, संतोष निषाद, दिनेश परगनिहा, रमाकांत निषाद, तिलक निषाद, गौतम यादव, मोहन निषाद, योगेश परगनिहा, केशव यादव उपस्थिति रहे।।

### खाड़ी युद्ध का प्रदेश में दिख रहा असर

# बंद हुई फोन और मिस्ड कॉल के जरिए सिलेंडर बुकिंग की सुविधा

**रायपुर, 12 मार्च।** इज़रायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते जारी युद्ध का असर अब छत्तीसगढ़ में भी दिखाई देने लगा है. प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पहले जहां फोन कॉल और मिस्ड कॉल के जरिए आसानी से गैस सिलेंडर की बुकिंग हो जाती थी, वहीं अब यह दोनों सेवाएं बंद हो गई हैं. इस बीच डीलरों ने लोगों से पेनिक नहीं होने की अपील की है.

वर्तमान में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी तक पहुंचकर ही बुकिंग करानी पड़ रही है. एजेंसी में पहुंचने के बाद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी आता है, जिसके बाद ही सिलेंडर की बुकिंग पूरी हो पाती है. इसके बाद लोगों को गैस गोदाम जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है. इस पूरी प्रक्रिया के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. कई लोग पिछले तीन-चार दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है.

उपभोक्ताओं का कहना है कि न तो मिस्ड कॉल से बुकिंग हो रही है, और न ही फोन या ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग संभव हो पा रही है. लोगों का यह भी कहना है कि कई उपभोक्ता दो-तीन महीने बाद सिलेंडर लेने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है. कई मामलों में ओटीपी नहीं आने की वजह से बुकिंग ही पूरी नहीं हो पा रही, जिससे लोगों को अपना काम छोड़कर बार-बार गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहा हैं. कचना स्थित सिलेंडर गोदाम के प्रोपराइटर सुधांशु जैन बताते हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर काफी ज्यादा संख्या में बुकिंग देखने को मिल रही है. लोग पैनिक होकर ऑर्डर कर रहे हैं. पहले एक दिन में 300 तक बुकिंग मिलती थी, लेकिन अब एक दिन में बुकिंग की संख्या 1000 तक पहुंच गई है, इसलिए सर्वर ठीक से काम नहीं कर पा रहा है. उन्होंने कहा कि हमारे पास घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में है. लोगों से अपील है की पैनिक ना हो.

# मधुमक्खीपालन से बढ़ेगी किसानों की आमदनी



**रायपुर, 12 मार्च।** छोटे किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि खेती से होने वाली आमदनी अक्सर मौसम और फसल पर निर्भर रहती है। ऐसे में, साल भर स्थिर कमाई का कोई दूसरा जरिया नहीं मिल पाता। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए, वेदांता एल्युमीनियम ने किसानों को मधुमक्खी-पालन से जोड़ने की पहल शुरू की है। कंपनी ने अपनी सीएसआर पहल के तहत 'वेदमृत जिबिका किसान उत्पादक कंपनी' की शुरुआत की है और 'वेदमृत- 100त्न शुद्ध शहद' ब्रांड लॉन्च किया है। इसके साथ ही पूर्वी भारत का एक बड़ा शहद उत्पादक किसान संगठन भी बनाया गया है। पहले चरण में 500 से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षण देने के बाद मधुमक्खी के बॉक्स दिए गए हैं, ताकि वे शहद उत्पादन शुरू कर सकें।

अनुमान है कि एक मधुमक्खी बॉक्स से किसानों को साल में करीब 16,000 रुपए तक की अतिरिक्त कमाई हो सकती है। यह संगठन अप्रैल 2026 तक लगभग 5,000 लीटर शहद उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिसे आगे बढ़ाकर हर साल 20,000 लीटर तक करने की योजना है। कंपनी के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, वेदमृत पहल का उद्देश्य किसानों को कमाई का एक नया सहारा देना है, ताकि उनकी आय बढ़े और ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। वहीं, वेदमृत जिबिका एफपीओ की सदस्य किसान मंजू पटेल ने कहा, प्रशिक्षण और सहयोग मिलने से अब हमें खेती के साथ कमाई का एक और भरोसेमंद रास्ता मिला है। मधुमक्खी-पालन से सिर्फशहद ही नहीं मिलता, बल्कि इससे फसलों में परागण बढ़ने से पैदावार भी बेहतर होती है। कंपनी का लक्ष्य है कि वर्ष 2028 तक इस पहल से 1,500 से ज्यादा किसानों को जोड़ा जाए, ताकि गाँवों में आय बढ़ाने के नए रास्ते खुल सकें।


# रायपुर में दिखेगा विराट, धोनी और रोहित का जलवा

**रायपुर, 12 माच्र।** करीब एक दशक बाद राजधानी में एक बार फिर आईपीएल का रोमांच देखने को मिल सकता है। नवा रायपुर स्थित में इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दो मुकाबले आयोजित करने की तैयारी चल रही है। फ्रेंचाइजी द्वारा इस स्टेडियम को अस्थायी होम ग्राउंड के रूप में चुने जाने की खबर से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

बताया जा रहा है कि आगामी आईपीएल 2026 का आयोजन 28 मार्च से 31 मई के बीच होना प्रस्तावित है, जिसमें कुल 10 टीमें भाग लेंगी और पूरे टूर्नामेंट में लगभग 84 मुकाबले खेले जाएंगे। अगर सब कुछ तय योजना के अनुसार हुआ तो रायपुर में खेले जाने वाले मैचों में क्रिकेट के बड़े सितारे मैदान में नजर आ सकते हैं। इन संभावित मुकाबलों में विराट कोहली, एम एस धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों को लंबे समय बाद अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को लाइव देखने का मौका मिल सकता है।

### स्टेडियम में सुविधाओं को बेहतर बनाने की तैयारी

इन मुकाबलों को देखते हुए स्टेडियम की सुविधाओं को भी अपग्रेड करने की कवायद शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक वीआईपी गैलरी को पहले से अधिक आधुनिक बनाया जाएगा। साथ ही दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए स्टेडियम में लगी



बड़ी स्क्रीन को भी बदला जा सकता है।

### गोल्ड और सिल्वर सीटें होंगी और लग्जरी

दर्शकों को बेहतर अनुभव देने के लिए गोल्ड और सिल्वर श्रेणी की सीटों को अधिक आरामदायक और लग्जरी बनाने का प्रस्ताव है। स्टेडियम की अपर गैलरी में लगी दो पुरानी स्क्रीन हटाने की योजना भी बनाई गई है। इन स्क्रीन के हटने से करीब 1500 अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था की जा सकेगी और नई जगह पर बड़ी हाई-क्वालिटी स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिनसे दर्शक मैच के रोमांचक पलों को स्लो मोशन में भी देख सकेंगे।

### प्लेटिनम बॉक्स में भी होगा बदलाव

स्टेडियम के प्लेटिनम बॉक्स में लगे ग्लास को बदलने की सिफारिश भी की गई है। लगभग 700 दर्शकों की क्षमता वाले इस बॉक्स को आमतौर पर वीवीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित रखा जाता है, इसलिए इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है।

### टीमों की प्रैक्टिस के लिए बनेगी अलग पिच

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अधिकारियों के अनुसार टीमों की प्रैक्टिस के लिए स्टेडियम के बाहर अलग से एक नई पिच तैयार की जाएगी। साथ ही फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही रायपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले सकता है। करीब 50 हजार से अधिक दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम में मैचों के आयोजन को लेकर फ्रेंचाइजी ने यहां की सुविधाओं और रायपुर के प्रमुख स्टार होटलों का भी सर्वे किया है। अगर सभी तैयारियां समय पर पूरी हो जाती हैं तो रायपुर के क्रिकेट प्रेमियों को लंबे इंतजार के बाद आईपीएल के हाई वोल्टेज मुकाबले देखने का मौका मिलेगा। ऐसे में राजधानी एक बार फिर क्रिकेट के उत्सव में डूबी नजर आ सकती है और पूरे प्रदेश में खेल का माहौल बन सकता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26